दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 216 | जयपुर, रविवार, 16 जुलाई, 2023 | श्रावण, कृष्ण पक्ष- चतुर्दशी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak | YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

**ACB का एक्शन:** ईओ परीक्षा में पास कराने के नाम पर 18.50 लाख के घूसकांड का पर्दाफाश... आरोपी दबोचे

# पूर्व बोर्ड अध्यक्ष केसावत तीन दलालों के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार

■ राज्य घुमंतू जाति कल्याण बोर्ड का पूर्व अध्यक्ष है गोपाल केसावत
■ परीक्षा में पास कराने और OMR शीट बदलवाने का दिया झांसा

**बेधड़क** | जयपुर

एसीबी की सीकर और जयपुर इकाई ने शनिवार को राज्य घुमंतू जाति कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गोपाल केसावत और तीन दलालों को 18.50 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा। इस ट्रैप में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त पूर्व बोर्ड अध्यक्ष केसावत, अनिल कुमार धरेंद्र, ब्रह्मप्रकाश और रविंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों ने आरपीएससी की अधिशासी अधिकारी (ईओ) भर्ती परीक्षा में परिवादी को पास कराने की एवज में यह रकम ली थी। एसीबी इनके आवास और अन्य ठिकानों पर सर्च कर रही है। जहां से कई अहम सबूत मिलने की संभावना है। वहीं इनसे गहन पूछताछ की जा रही है।





गोपाल केसावत और जब्त की गई राशि।

### 40 लाख रुपए की रखी थी मांग

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यवाहक डीजी हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी कि आरपीएससी की ओर से आयोजित अधिशासी अधिकारी (ईओ) भर्ती परीक्षा में पास कराने और ओएमआर शीट बदलवाने के नाम पर आरोपी उससे 40 लाख रुपए रिश्वत राशि मांग कर परेशान कर रहे हैं। इस पर एसीबी ने जयपुर के डीआईजी कालूराम रावत के सुपरविजन में एसीबी सीकर इकाई के डीएसपी राजेश जांगिड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कराया तो आरोपियों के 25 लाख रुपए रिश्वत मांगने का सत्यापन हुआ। इस पर 14 जुलाई को सीकर में अनिल कुमार धरेन्द्र पुत्र सत्यनारायण निवासी हनुमानगढ़ टाउन और ब्रह्मप्रकाश पुत्र देवदत्त शर्मा निवासी दिल्ली को परिवादी से 18 लाख 50 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई को गोपनीय रख उसी दिन देर रात सीकर में रविंद्र शर्मा पुत्र बलराम निवासी टिब्बी को 7.50 लाख रुपए लेते दबोच लिया।

### 7.50 लाख पहुंचाने थे केसावत को

परिवादी से ली गई 18 लाख 50 हजार रुपए रिश्वत राशि में से 7.50 लाख रुपए गोपाल केसावत को पहुंचाने थे। रविंद्र परिवादी को लेकर गोपाल केसावत पुत्र हरचंदा के कुंभा मार्ग, प्रताप नगर (जयपुर) स्थित घर पहुंचा, जहां एसीबी के एएसपी बजरंग सिंह शेखावत की टीम ने रविंद्र के सामने परिवादी से 7.50 लाख रुपए लेते केसावत को गिरफ्तार किया।

## जरूरी खबर

### भारत व यूएई अपनी मुद्राओं में करेंगे कारोबार



**अबू धाबी।** भारत और यूएई ने कारोबारी लेन-देन अपनी मुद्राओं में शुरू करने और भारत की एकीकृत भुगतान प्रणाली यूपीआई को यूएई के तत्काल भुगतान मंच आईपीपी से जोड़ने पर सहमति जताई। इस आशय के एमओयू पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए। दोनों नेताओं ने आर्थिक साझेदारी की सराहना की और इस साल सितंबर में दिल्ली में जी-20 बैठक से पहले 100 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार का लक्ष्य हासिल करने की उम्मीद जताई।

■ पेज 10 भी देखें

### चरमपंथियों के हमले में 12 लोगों की मौत



**किशांसा(कांगो)।** अफ्रीकी देश कांगो के उत्तर पूर्वी हिस्से में संदिग्ध चरमपंथियों के हमले में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय नागरिक समाज संगठन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि परोक्ष रूप से आईएस से जुड़े एडीएफ के आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी कर इन लोगों की जान ले ली। यहां लगातार सामूहिक हत्याएं हो रही हैं और हिंसा के कारण लोगों का पलायन शुरू हो गया है।

**नवनियुक्त पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री की नसीहत**

# योजनाओं को हर घर तक पहुंचाएं... फील्ड में जाएं

## एक महीने में लोग कहेंगे कांग्रेस सरकार आ रही है: गहलोत

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में पीसीसी मुख्यालय पर शनिवार को कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों की बैठक में वीसी से सीएमआर से जुड़े सीएम अशोक गहलोत ने सभी पदाधिकारियों को कांग्रेस के 'मिशन रिपीट' का मंत्र देते हुए कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी का अपना महत्व है और मैं सभी नियुक्त हुए पदाधिकारियों को बधाई देता हूं।

उन्होंने पदाधिकारियों को नसीहत दी कि सरकार आ सकती है और सरकार आ रही है। इसमें बहुत फर्क होता है। हमारी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आमजन ने कांग्रेस को रिपीट करने का मन बना लिया है, लेकिन सरकार को रिपीट करवाने के लिए लिए मेहनत करनी पड़ेगी। कांग्रेस पदाधिकारी अगर फील्ड में रहकर मेहनत करेंगे और हमारी योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाएंगे तो अब तक जो लोग कह रहे हैं कि सरकार आ सकती है। वो लोग ही एक महीने में कहने लगेंगे कि कांग्रेस सरकार आ रही है।



■ सीएम ने कहा.. धैर्य रखें, पार्टी में समय आने पर सबको मिलता है मौका
■ पीसीसी मुख्यालय पर हुई प्रदेश पदाधिकारियों और जिलाध्यक्षों की बैठक

### राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष खरगे के हाथ मजबूत करने हैं

गहलोत ने कहा कि सभी को धैर्य रखते हुए मेहनत करनी चाहिए। पार्टी में समय आने पर हर किसी को मौका मिलता है। सोनिया गांधी ने एक बार कहा था कि सबको धैर्य रखना चाहिए। हर कोई विधायक और सांसद नहीं बन सकता। धैर्य रखने वालों को कभी न कभी पद मिलता है। कई ऐसे लोग विधायक या सांसद बने, जो सोच भी नहीं सकते थे। इस समय जो पदाधिकारी बने हैं, उन पर जिम्मेदारी ज्यादा है। इस वक्त हमारी केंद्र में सरकार नहीं है। हम जब पहली बार पदाधिकारी बने तब केंद्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस की सरकारें थी। अब हमारे सामने चैलेंज है, हमें राहुल गांधी और खरगे साहब के हाथ मजबूत करने हैं।

### मुझे पता है भाजपा नेता के कहने से अफसर बदल जाते हैं: डोटासरा

बैठक में पीसीसी चीफ डोटासरा ने कहा कि हमारे कुछ लोग आरएसएस-भाजपा से दोस्ती निभाते हैं, मैं मानता हूं। मुझे यह भी पता है कि भाजपा के नेता के कहने पर अफसर बदल जाते हैं और कांग्रेस के विधायक कार्यकर्ता के कहने पर काम नहीं होते, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि हम संगठन के लोग हैं। हम सबने मिलकर सरकार बनाई है। यह समय दोस्ती निभाने का नहीं है। दोबारा सरकार आती है तो संगठन के कारण से आएगी। जो संगठन को महत्व देगा उसका उज्वल भविष्य होगा।

### हम कांग्रेस को बर्बाद नहीं होने देंगे: प्रदेश प्रभारी रंधावा

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कहा कि कुछ लोग अपने बेटे-बेटियों के लिए टिकट मांग रहे हैं। वह यह तक कह देते हैं कि मेरे बेटे को टिकट दो, नहीं तो मैं जहर खा लूंगा। अगर लीडर ऐसा करेंगे, तो जो वर्कर है, उसका टाइम कब आएगा? अगर किसी लीडर का बेटा कैपेबल है, तो आ जाए, लेकिन नहीं है, तो कांग्रेस को हम का बर्बाद नहीं होने देंगे।

### हर पदाधिकारी एक्टिव रहे

सीएम ने कहा कि सभी पदाधिकारियों को क्या काम करना है, इसके लिए उन्हें खुद को आगे आना चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष ढूंढ कर उन्हें कोई काम नहीं बताए, बल्कि पार्टी के लिए काम करने का सही तरीका यह होता है कि जब कोई पदाधिकारी बना है तो वह खुद प्रदेशाध्यक्ष को आकर कहे कि 'मैं क्या काम कर सकता हूं।' पद मिलने के बाद ज्यादातर पदाधिकारी इनएक्टिव हो जाते हैं, उन्हें एक्टिव रहकर काम करना चाहिए।

**जयपुर मंडल में गुड्स ट्रेन दुर्घटना**

# मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतरे, सात ट्रेनें हुई रद्द

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में एक मालगाड़ी के दो डिब्बे शनिवार को पटरी से उतर गए, जिससे रेल यातायात काफी प्रभावित हुआ।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि जयपुर मंडल के आसलपुर जोबनेर एवं हिरनोदा स्टेशन के मध्य मालगाड़ी के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे रेल यातायात प्रभावित हुआ। उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन ने तुरंत दुर्घटना राहत गाड़ी घटनास्थल पर भेजी तथा सूचना मिलते ही संबंधित शीर्ष अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंच पुनः यातायात चालू करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है।



### ये रेलगाड़ियां नहीं चली

यातायात बाधित होने के कारण सात रेलगाड़ियों का परिचालन रद्द किया गया है। गाड़ी संख्या 19735 जयपुर-मारवाड़ रेल सेवा, गाड़ी संख्या 19736 मारवाड़-जयपुर रेल सेवा, गाड़ी संख्या 22977 जयपुर-जोधपुर रेल सेवा, गाड़ी संख्या 22978 जोधपुर-जयपुर रेल सेवा, गाड़ी संख्या 09605 अजमेर-जयपुर रेल सेवा, गाड़ी संख्या 09606 जयपुर-अजमेर रेल सेवा,गाड़ी संख्या 19719 जयपुर-सूरतगढ़ रेल सेवा शनिवार को रद्द रहीं।

## अश्विन के 12 विकेट, भारत की वेस्टइंडीज पर विशाल जीत

**एजेंसी** | रोसीयू

दुनिया के शीर्ष गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने लगातार दूसरी बार पारी के पांच विकेट लिए, जिसकी मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को पहले क्रिकेट टेस्ट में तीसरे ही दिन एक पारी और 141 रन से हरा दिया ।

भारत ने पहली पारी शुक्रवार को पांच विकेट पर 421 रन पर घोषित करके 271 रन की बढ़त ली थी। पहली पारी में 150 रन बनाने वाली कैरेबियाई टीम दूसरी पारी में 50 ओवर में 130 रन पर ढेर हो गई।

पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 21.3 ओवर में 71 रन देकर 7 (मैच में 12) विकेट लिए। एक पारी में पांच या अधिक विकेट लेने का कारनामा उन्होंने 33वीं बार किया है। भारत की जीत के सूत्रधार यशस्वी जायसवाल भी रहे जिन्होंने पहले ही टेस्ट में 171 रन बनाए। विराट कोहली ने 182 गेंद में 76 रन बनाए, लेकिन उनकी पारी प्रवाह पूर्ण नहीं थी और उन्हें रन बनाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके अलावा उन्हें दो जीवनदान भी मिले।



## जयपुर में नाबालिग से दुष्कर्म व हत्या के आरोपी को उम्रकैद

**बेधड़क** | जयपुर

शहर की एक अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म एवं उसकी हत्या करने के आरोपी को दोषी मानते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जयपुर की पॉक्सो अदालत (द्वितीय) ने अभियुक्त (जो अवयस्क है) को दोषसिद्ध करार देते हुए अधिकतम कठोर आजीवन कारावास सहित कुल 63,000 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना चार जुलाई 2022 की है। नौ साल की बच्ची घर के बाहर बाड़े में निर्वस्त्र, लहूलुहान मिली थी। उसकी गर्दन कटी हुई थी और बच्ची के पिता ने एक नाबालिग युवक के खिलाफ दुष्कर्म एवं हत्या के आरोप में मामला दर्ज करवाया था।

**शव पर सियासत... पुलिस का खुलासा**

# परिजनों को पांच लाख मुआवजा... सौंपा शव, आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

- करौली के भीलापाड़ा नादौती में युवती की हत्या का मामला
- धरना खत्म, विधायक के बिगड़े बोल, 'प्रेम प्रसंग के चलते भागी लड़की'
- पिता ने कहा... जैसे बेटी की हत्या हुई, वैसी मिले आरोपियों को सजा

**बेधड़क** | जयपुर

करौली जिले के भीलापाड़ा नादौती में 19 वर्षीय युवती की हत्या के बाद उसके शव को लेकर चल रही सियासत शनिवार को उस वक्त खत्म हो गई, जब पुलिस ने मामले का खुलासा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही दो दिन से चल रहा परिजनों, सियासतदानों व संगठनों का धरना उठ गया। फिर, परिजनों से सहमति के बाद उन्हें युवती का शव सौंप दिया। दरअसल, पुलिस ने आरोपी प्रभाकर चेन सिंह उर्फ गोलू मीना (20) और उसका सहयोग करने वाले पिता अमर सिंह उर्फ नैहना मीना को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी ममता गुप्ता ने बताया कि गोलू मीना जयपुर के प्रतापनगर इलाके में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा था। पूछताछ में उसने कबूला कि युवती द्वारा शादी का दबाव बनाने पर उसने उसके साथ फार्म हाउस पर ले जाकर रेप किया और देशी कट्टे से गोली मारकर हत्या कर दी। बाद में पिता ने उसे बचाने को युवती की लाश भीलापाडा गांव से आगे ले जाकर कुएं में फेंक दी। इसके बाद दोनों घर आकर सो गए और दूसरे दिन फरार हो गए।

### मुआवजे पर बनी सहमति

इस खुलासे के बाद सांसद के नेतृत्व में चल रहा धरना खत्म हो गया। कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा कि मृतका के परिजनों को पीड़ित प्रतिकर के तहत 5 लाख आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं, भाजपा के जिलाध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया ने पार्टी की ओर से 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात भी कही। मृतका के पिता ने कहा कि जिस तरह मेरी बेटी की हत्या हुई, आरोपियों को सजा वैसी ही दी जानी चाहिए।



### विवादित बोल...

मामले को लेकर टोडाभीम विधायक पीआर मीणा ने कहा भाजपा के नेता मामले को लेकर राजनीति कर रहे है। युवती स्वयं प्रेमी के साथ भागकर गई थी। मीणा ने कहा कि 1 करोड़ देने के बाद भी क्या मृतका जिंदा हो सकती है? 5 साल से अफेयर था। अब लाश को खराब करना ठीक नहीं है। किरोड़ीलाल और यह लोग पूरी करौली भी मांग सकते हैं। इनकी मांग पूरी होने से अगर लड़की को जिंदा कर लें तो एक करोड़ तो मैं अभी दे दूंगा।

### यूं चली इस मामले में सियायत

मामले को लेकर समाज के लोग और सांसद किरोड़ी अलग-अलग टेंट लगाकर धरना देते हुए नजर आए। वहीं भाजपा ने पूरे मामले को लेकर कांग्रेस को घेरने की कोशिश की। शनिवार को भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह भी धरने में शामिल हुए। सिंह ने प्रशासन व विधायक पर परिजनों पर दवाब बना राजीनामा करने का आरोप लगाया और कहा कि न्याय नहीं मिलने तक आंदोलन चलना चाहिए। हमें जयपुर में चलकर इस धरने को बड़ा स्वरूप देना चाहिए।

## जरूरी खबर

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया महाविद्यालय भवन का लोकार्पण



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने राजकीय कन्या महाविद्यालय, रामगढ़ पचवारा के नए भवन का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में परसादी लाल मीणा ने कहा कि 6 करोड़ रुपए की लागत से राजकीय कन्या महाविद्यालय, रामगढ़ पचवारा के नवनिर्मित भवन से यहां पढ़ने वाली लगभग 450 बालिकाओं को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भवन में पढ़ने का मौका मिलेगा। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री राजेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले 4 वर्ष में प्रदेश में लगभग 316 नए महाविद्यालय स्थापित किए गए हैं, जो बालक बालिकाओं के बेहतर भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

### फादर जोसफ कल्लारेकल आज लेंगे शपथ

**जयपुर।** अजमेर धर्मप्रांत के फादर जोसफ कल्लारेकल रविवार को जयपुर धर्मप्रांत के बिशप का पद ग्रहण करेंगे। पदभार से पहले उनका ईसाई धर्म के अनुसार अभिषेक किया जाएगा और बिशप पद की शपथ दिलाई जाएगी। यह कार्यक्रम मालवीय नगर के सेंट एंसलम स्कूल स्थित चर्च में आयोजित होगा। समारोह के मुख्य अतिथि बेटिकन प्रांत के पॉप फ्रांसीसी के राजदूत आर्च बिशप लियोपोल्डो गिरेली होंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बिशप बनने पर फादर जोसफ कल्लारेकल को शुभकामना संदेश भेजा है। इस कार्यक्रम में कई मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे। नव नियुक्त बिशप का जन्म केरल के इडुकी जिले के अनाविलासम गांव में हुआ था।

### युवक पर एसिड अटैक, अस्पताल में कराया भर्ती



**जयपुर।** प्रताप नगर थाना इलाके में एक युवक पर एसिड अटैक का मामला सामने आया है। थानाप्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि इलाके के सेक्टर-19 निवासी विष्णु पांचाल (22) पेशे से पशु चिकित्सक है। वह अपनी पत्नी से मिलने सेक्टर-8 स्थित अपने ससुराल आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर को करीब एक बजे विष्णु खाना खाकर कमरे में सो रहा था, तभी एक युवक कमरे में आया और विष्णु के चेहरे पर एसिड फेंककर चला गया। जिससे वह झुलस गया। इस घटना में विष्णु की पत्नी के पैर भी झुलस गए।

---

भाजपा के 'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन की शुरुआत करेंगे राष्ट्रीय अध्यक्ष

# नड्डा आज जयपुर में, मोदी-शाह इस महीने आएंगे राजस्थान

■ बूथ, विधानसभा और जिला स्तर तक चलाया जाएगा जन आंदोलन

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों में भाजपा के जीत के मिशन को पूरा करने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने राजस्थान में एक बार फिर नजर गढ़ा ली है। इसी के चलते भाजपा की ओर से चलाए जाने वाले जन आंदोलन 'नहीं सहेगा राजस्थान' की लॉंचिंग के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रविवार को जयपुर के बिलवा स्थित चंदन वन वाटिका आएंगे। जहां से वह इस आंदोलन की लॉंचिंग करेंगे।



कार्यक्रम से पूर्व सभा स्थल पर पहुंचकर शनिवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, प्रदेश सह-प्रभारी विजया राहटकर और प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने तैयारियों का जायजा लिया। वहीं जुलाई माह में एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान आएंगे। 22 जुलाई को श्रीगंगानगर में शाह का दौरा और कार्यकर्ताओं के साथ ही जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वहीं पीएम मोदी अब 10 महीने में 8वीं बार राजस्थान के दौरे पर आ रहे हैं।

वहीं पीएम मोदी का 28 जुलाई को नागौर जिले के खरनाल में जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इन सभाओं के माध्यम से अब प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरने की रणनीति तैयार की जा रही है।

### 12:30 बजे नड्डा पहुंचेंगे जयपुर एयरपोर्ट

राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा रविवार दोपहर 12:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां पार्टी के पदाधिकारी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे वाटिका स्थित चंदनवन में कांग्रेस के खिलाफ राजस्थान भाजपा के अभियान की शुरुआत करते हुए 'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन को लॉन्च करेंगे। इस दौरान आंदोलन से जुड़े ऑडियो, वीडियो, पोस्टर का भी विमोचन होगा। रविवार से 15 दिन तक यह आंदोलन चलेगा। 1 अगस्त को इस आंदोलन के समापन पर एक जनसभा आयोजित होगी। इस जनसभा को भी जेपी नड्डा संबोधित करेंगे। वहीं दोपहर 3 बजे चंदनवन में ही भाजपा प्रदेश पदाधिकारियों और सभी मोर्चों की बैठक होगी, जिसमें भी नड्डा जीत का मंत्र देंगे और फिर 4:15 बजे भाजपा विधायक दल और संभाग की भी बैठक होगी।

#### राज्य सरकार को घेरने की तैयारी

प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जयपुर से शुरू होने वाले 'नहीं सहेगा राजस्थान आंदोलन' से भाजपा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के खिलाफ माहौल तैयार करेगी। इसके लिए कानून व्यवस्था, अपराध, महिला, किसान कर्ज माफी सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरा जाएगा। जोशी ने कहा भाजपा द्वारा निरंतर कांग्रेस सरकार के खिलाफ कैंपेन चलाए जा रहे हैं। जिसमें महिला मोर्चा की ओर से महिला उत्पीड़न के खिलाफ जयपुर में थाली नाद आंदोलन, झुंझुनूं में किसान आक्रोश महाघेराव किया जा चुका हैं।

---

सड़क तंत्र में देश का मॉडल स्टेट बन रहा राजस्थान

# सड़क निर्माण के साथ दुर्घटनाएं रोकने पर विशेष फोकस: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने किया 232 नगर निकायों में 4101 सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास

■ 1528 करोड़ रुपए से होगा राज्य में 2642 किमी सड़कों का निर्माण और विकास

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के 232 नगर निकायों में 4101 सड़क विकास कार्यों का शिलान्यास किया। 1528 करोड़ रुपए लागत के इन सड़क विकास कार्यों से राज्य में 2642 किमी सड़कों का निर्माण और विकास होगा। सीएम गहलोत ने सीएमआर से विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शिलान्यास समारोह में भाग लिया और प्रदेशवासियों को संबोधित किया।

सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान सड़क तंत्र में आगे बढ़कर देश का मॉडल स्टेट बन रहा है। राज्य में सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार, कृषि, पानी, बिजली और उद्योग सहित हर क्षेत्र का विकास हो रहा है। राज्य सरकार वर्ष 2030 तक राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करने के विजन पर प्रतिबद्ध हैं।

सीएम गहलोत ने कहा कि प्रदेश की सरकार सड़क निर्माण के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाएं रोकने पर भी विशेष फोकस कर रही हैं। प्रदेश के 1548 ब्लैक स्पॉट को चिंहित कर 1365 को दुरूस्त कर दिया गया है। विशेषज्ञों द्वारा निरीक्षण के साथ ही अब बनाने वाली कम्पनी की जिम्मेदारी भी 5 साल कर दी गई है। वहीं, जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड एंड बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के निर्माण के लिए 55 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।



#### तीन सड़कों को दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल

गहलोत ने कहा कि प्रदेश में शाहजहांपुर से अजमेर, बर से बिलाड़ा (जोधपुर) और सीकर से बीकानेर सड़क मार्गों को सड़क दुर्घटना मुक्त कराने के लिए विशेषज्ञों से ऑडिट कराई गई हैं। इसके ब्लैक स्पॉट और अन्य दुर्घटना के कारणों को दुरुस्त कराकर इन्हें दुर्घटना मुक्त बनाने की पहल की गई है। इनका कार्य जल्द ही पूरा हो जाएगा।

#### बच्चे की अकाल मौत पर जताया दुःख

सीएम गहलोत ने सीकर में सड़क के गड्ढे में गिरने से बच्चे की अकाल मौत पर दुःख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। विभागीय विशेषज्ञों और थर्ड पार्टी ऑडिटर के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी और जनप्रतिनिधि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर निगरानी रखें। इसमें स्थानीय आमजन भी अहम जिम्मेदारी निभाएं। साथ ही गहलोत ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सड़कों की गुणवत्ता के साथ कार्यों को समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रदेश की प्रगति में मजबूत सड़क तंत्र का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी भावना के अनुरूप राज्य सरकार सड़कों के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण कार्य करवा रही हैं।

#### जनप्रतिनिधियों और जनता की राय लेकर ही हो रहे विकास कार्य: धारीवाल



समारोह में नगरीय विकास मंत्री शांति कुमार धारीवाल ने कहा कि नगर निकायों में सड़कों के कार्य हर वर्ष बढ़ाकर आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाया जा रहा है। इसमें जनप्रतिनिधियों और स्थानीय जनता की राय लेकर कार्य हो रहे हैं। सार्वजनिक निर्माण मंत्री भजन लाल जाटव ने कहा कि साढ़े चार वर्ष में सड़क क्षेत्र में काम होने से प्रदेश के विकास को गति मिली है। नई ग्राम पंचायतों से लेकर मिसिंग लिंक, गांव-शहरों में नई सड़कों के गुणवत्तापूर्ण निर्माण तीव्र गति से कराए जा रहे हैं। अब सड़क तंत्र में भी राजस्थान मॉडल स्टेट बन गया है। पीडब्लयूडी विभाग के प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने बताया कि वर्ष 2021-22 में निकायों के 95 प्रतिशत और वर्ष 2022-23 में 74 प्रतिशत कार्य पूरे हो चुके हैं। समारोह में सीएम के साथ सभी नगर निकायों से मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी और आमजन भी वीसी से जुड़े।

---

मिश्र ने मुर्मू को फोटो एल्बम किया भेंट

# राष्ट्रपति को राज्यपाल ने दी भावभीनी विदाई

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को शनिवार को राजस्थान यात्रा संपन्न होने पर सांगानेर एयरपोर्ट पर भावभीनी विदाई दी। राज्य की प्रथम महिला सत्यवती मिश्र, उद्योग मंत्री शकुंतला रावत, मुख्य सचिव उषा शर्मा ने भी राष्ट्रपति को विदाई दी। वहीं राजभवन में राज्यपाल मिश्र ने राष्ट्रपति मुर्मू को यात्रा की स्मृति को संजोये रखने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार फोटो एल्बम भी भेंट किया। इस एल्बम में उनके खाटू श्याम जी मंदिर दर्शन, राजस्थान विधानसभा और राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के कार्यक्रम के छाया चित्र संजोए गए हैं।



# जन सम्मान कॉन्टेस्ट में नेहा मीणा बनी विजेता

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में हजारों लोग वीडियो बनाकर शेयर कर रहे हैं। जन सम्मान वीडियो कॉन्टेस्ट में 12 जुलाई के परिणाम के अनुसार बस्सी की नेहा मीणा ने एक लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा ओल्ड पेंशन स्कीम लागू करने और पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट पर आधारित गाने पर नृत्य करते हुए वीडियो शेयर किया था। वहीं दूसरे स्थान पर बांदीकुई, दौसा के बाबूलाल सैनी रहे और 50 हजार रुपए की इनाम राशि जीती। उन्होंने इंदिरा गांधी गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना पर आधारित वीडियो शेयर करते हुए राज्य सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। 25 हजार का इनाम जीतकर तीसरे स्थान पर कठुमर,अलवर के प्रभुदयाल शर्मा रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री कृषि छात्रा प्रोत्साहन योजना को प्रोत्साहित करते हुए वीडियो बनाया था।

---

## राज्यपाल से मिलीं पूर्व सीएम राजे



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र से शनिवार को राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मुलाकात की। राज्यपाल मिश्र से उनकी यह शिष्टाचार भेंट रही।

---

नए जिलों के विशेष अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव की चर्चा

# CS ने चुनाव से पूर्व सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने के दिए निर्देश

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव उषा शर्मा ने पहली बार जोधपुर में शनिवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। शर्मा ने संभागीय आयुक्त के चेंबर में करीब 2 घंटे तक 4 जिलों के कलेक्टर और 3 नए जिलों के विशेष अधिकारियों के साथ चर्चा की। बैठक में मुख्यमंत्री की बजट घोषणा में शामिल किए प्रोजेक्टों की जमीन आवंटन के मुद्दे पर प्रमुखता से चर्चा की गई।



चुनाव से पहले 2023-24 के बजट की मुख्यमंत्री की सभी योजनाओं को लेकर जमीन आवंटन का काम धरातल पर उतारने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से नियमित संवाद करते हुए फीडबेक लेते रहें और इस दिशा में सामने आने वाली समस्याओं का समाधान कर जनता को राहत पहुंचाएं। वहीं सीएस मुख्यमंत्री निशुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट, राजीव गांधी ग्रामीण और शहरी ओलंपिक, उड़ान, पूरक पोषाहार, मुख्यमंत्री बाल गोपाल, सुरक्षा पेंशन, इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी, इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड सहित कई योजनाओं समीक्षा की। वहीं बैठक में जोधपुर संभाग के फलोदी, बालोतरा और सांचौर नए जिलों में सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए विशेष अधिकारियों के साथ मंथन किया गया। इस दौरान जोधपुर संभागीय आयुक्त बीएल मेहरा, जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता, जालौर कलेक्टर निशांत जैन, बाड़मेर कलेक्टर अरुण पुरोहित, जैसलमेर कलेक्टर आशीष गुप्ता और नए जिलों के विशेषधिकारी मौजूद रहे।

---

मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ एसीबी में परिवाद दर्ज कराएगी भाजपा

# सरकार में लूट की खुली छूट, बिना कमीशन नहीं होता काम: दाधीच

■ स्मार्ट क्लासेज के टेंडरों में कमीशन खोरी के लगाए आरोप

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में करीब 110 करोड़ की लागत से बनाए जाने वाली स्मार्ट क्लासेज में भाजपा ने शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान पर कमीशन खोरी का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान द्वारा स्मार्ट क्लासेज के टेंडरों में कमीशन खोरी को लेकर सरकार से सवाल किए। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों कांग्रेस कार्यालय के बाहर शिक्षा राज्य मंत्री जाहिदा खान के खिलाफ पैसे लेने का पोस्टर चर्चा में रहा।

वहीं प्रदेश में 110 करोड़ की लागत से 9 हजार 401 स्कूलों में स्मार्ट क्लासेज बनाने का काम सरकार ने बजट घोषणा (2021-22) में किया था। यह काम सत्र 2021-22 में ही पूरा होना था। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लासेज बनाने का टेंडर तीन कंपनियों को दिया गया था। कंपनियों के काम शुरू करने के बाद कमीशन नहीं मिलने पर मंत्री जाहिदा ने इंटेस कंपनी के लोगों को वर्क ऑर्डर निरस्त करने की धमकी देना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि जाहिदा खान ने अधिकारियों के कहने पर 5 जून को नोटशीट पर पीडीआई रोकने के आदेश जारी कर दिए। जिससे भारत सरकार के सहयोग से स्मार्ट क्लासेज में पढ़ने का सपना देख रहे लाखों छात्रों का भविष्य कमीशन के खेल में चौपट हो गया।



#### सरकार की उदासीनता से नहीं मिले टैबलेट

प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि मंत्री के निजी सहायक आसिफ और ताहिर सभी उच्च स्तरीय सरकारी बैठकों में किस हैसियत से शामिल होते हैं। वहीं शिक्षा मंत्री और शासन सचिव की आपसी नोकझोंक का मामला सुर्खियों में रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक मंत्री के दबाव में कई अधिकारियों ट्रांसफर कर दिया। कि सप्लाई करने वाली कंपनी रोबोटिक (इंडस) पीडीआई में फेल होने के बाद भी लगातार माल सप्लाई करती रही। पूर्व में भी 40 हजार छात्रों को मिलने वाले 40 करोड़ के टैबलेट भी सरकार की अकर्मण्यता के चलते विद्यार्थियों को नहीं मिले।

#### बेटियों पर अत्याचार नहीं सहेगा राजस्थान

प्रदेश में हर दिन महिला उत्पीड़न, हत्या, दुष्कर्म के बढ़ते मामलों और दलित उत्पीड़न को लेकर भाजपा प्रदेश कार्यालय में शुक्रवार को सांसद व भाजपा महामंत्री दीया कुमारी और प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोठवाल ने प्रेसवार्ता को संबोधित किया। सांसद दीया कुमारी ने कहा कि करौली के हिंडौन की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया। जिसमें एक युवती की दुष्कर्म कर हत्या कर दी गई। युवती के मुंह में तेजाब डाला गया और शव को कुंए में डाल दिया गया। इस घटना के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने में लापरवाही बरती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की महासचिव और प्रियंका गांधी वोटबैंक के लिए हाथरस जा सकती हैं और राजस्थान में पिकनिक मनाने आ सकती हैं, लेकिन प्रदेश में डूंगरपुर, खाजूवाला, अलवर और चूरू सहित अन्य स्थानों पर नाबालिग और महिलाओं के खिलाफ 17 जघन्य दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं में से किसी पीड़ित परिवार के यहां प्रियंका गांधी नहीं पहुंची। प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि सभी घटनाओं को लेकर भाजपा प्रदेशभर में 'नहीं सहेगा राजस्थान' आंदोलन करेगी। रविवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इस आंदोलन की लॉन्चिंग करेंगे।

## जरूरी खबर

### शिक्षक संघ ने निकाली 'शिक्षा बचाओ पदयात्रा'




**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय), उपशाखा गांधीनगर ने शिक्षकों की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 'शिक्षा बचाओ पदयात्रा' निकाली। यह पदयात्रा शिक्षा संकुल के पश्चिमी द्वार से प्रारंभ होकर, बजाज नगर एनक्लेव, एजी कॉलोनी से वापस शिक्षा संकुल तक निकाली गई। सभा को संबोधित करते हुए पं. देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि 11 सूत्रीय मांग पत्र और शिक्षक को शिक्षक रहने देने को लेकर पदयात्रा निकाली गई। वहीं, शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने की मांग की। इस दौरान हरेन्द्र जोशी, नवल सिंह, उषा पाराशर, चन्द्रकांत अग्निहोत्री, अरुणा भारद्वाज, गोपाल शर्मा, मनोज खंडेलवाल, अमृता चतुर्वेदी सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

### संयुक्त संविदा मोर्चा के बैनर तले करेंगे प्रदर्शन

**जयपुर।** तबादलों की मांग को लेकर तृतीय श्रेणी के शिक्षक सोमवार को 22 गोदाम पेट्रोल पंप पर धरना प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता रणजीत मीणा ने बताया कि सरकार द्वारा सभी संवर्गों में तबादला कर रही है, लेकिन केवल तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के साथ भेदभाव कर रही है। शिक्षक कई सालों से तबादलों की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रही हैं। इससे प्रदेश के हजारों शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि तबादलों की मांग को लेकर 17 जुलाई को शिक्षक प्रदर्शन करेंगे। स्थायीकरण की मांग को लेकर संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा के बैनर तले संविदाकर्मी सोमवार को 22 गोदाम पर जुटेंगे। मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र चौधरी ने बताया कि 17 जुलाई को 22 गोदाम पर विधानसभा घेराव कर धरना-प्रदर्शन करेंगे।


**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।


**नशे का नाइजीरियन नेटवर्क:** मादक पदार्थों पर सीआईडी क्राइम ब्रांच की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

# जयपुर में विदेशी युवकों से पकड़ी एक करोड़ की कोकीन

**बेधड़क** | जयपुर

पुलिस मुख्यालय सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने शनिवार को अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे दो विदेशी युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की टीम ने इनसे 58 ग्राम कोकीन समेत इसे बेचकर कमाई गई 1 लाख रुपए की राशि बरामद कर ली है। बरामद कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। गिरफ्तार आरोपी ओलेय फ्रिडे मारवेलोस और एम्मानुइल जॉन दोनों नाइजीरिया के रहने वाले हैं। गिरफ्तारी के बाद जब आरोपियों के दस्तावेजों की जांच की गई तो सामने आया कि विदेशी नागरिकों में से एक के पास पासपोर्ट नहीं है, जबकि दूसरे के पास मिले पासपोर्ट की समयावधि खत्म हो चुकी है।




### फर्जी नाम से ले रखी थी सिम

आरोपियों के पास से सीआईडी सीबी की टीम को मोबाइल भी मिला। इसमें लगी सिम फर्जी नाम से आरोपियों ने ले रखी थी। पूछताछ में पता चला कि इन्हें कोकीन की सप्लाई करने वाले दिल्ली से जयपुर आते थे। वह भी नाईजीरिया के ही रहने वाले हैं। इन्होंने बताया इनके देश के ही लोगों से संपर्क कर यह कोकिन लाते थे और फिर उसे थोड़ी-थोड़ी मात्रा में सप्लाई करते थे।

### हैड कॉन्स्टेबल कमल सिंह की सूचना पर कार्रवाई

सीआईडी क्राइम ब्रांच के हैडकॉन्स्टेबल कमल सिंह को जयपुर के जवाहर नगर थाना इलाके में अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में मिली सूचना के आधार पर एडिशनल एसपी संजीव भटनागर के सुपर विजन और इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि गठित विशेष टीम ने जवाहर नगर थाना इलाके के सिंधी कॉलोनी में सूचना के अनुसार स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश दी गई। दबिश में दो विदेशी लोगों को गिरफ्तार किया। अब इनसे पूछताछ की जा रही है। टीम में हैड कॉन्स्टेबल शंकर दयाल शर्मा कांस्टेबल देवेंद्र सिंह और विश्राम की अहम भूमिका रही।

### इधर, ऑपरेशन क्लीन स्वीप में महिला समेत पांच पकड़े

शनिवार को जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने विद्याधर नगर, भांकरोटा एवं खोह-नागोरियान थाना इलाके में ड्रग्स माफियाओं और अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वाले तस्करों के खिलाफ एक अन्य कार्रवाई में एक महिला सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई ने बताया कि इन आरोपियों के पास गांजा, अवैध प्रतिबंधित दवाइयों (प्रॉक्सीवेल स्पास, अल्प्रेसेफ 0.5 एमजी, ओसेरैक्स सी 100 एमएम) की 780 टेबलेट्स, 41 शीशी, परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, वैध देशी शराब की 02 पेटी और बिक्री राशि 1 हजार 450 रुपए बरामद किए गए हैं।

**परंपरा निर्वाह में 'अतिक्रमण':** रूट बदले तो लौट सकता है वही दौर

# संकरे रास्ते से फीका पड़ा तीज की सवारी का वैभव

■ गणगौरी गेट पर ही छोड़ना पड़ता है लवाजमा ■ चौगान स्टेडियम में पार्किंग बनने से मेले की जगह नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

परकोटे में हो रहे अतिक्रमण और गंदगी से तीज माता के वैभव को दाग लग रहा है, लोगों का मानना है कि अतिक्रमण से संकरे हुए रास्ते में माता की सवारी की भव्यता खत्म हो गई है। साथ ही चौगान स्टेडियम में पार्किंग और अन्य निर्माण कार्यों की वजह से दूर दराज से मेले को को देखने आ रहे लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है।

कई बार मार्ग में आ रही समस्या को लेकर नगर निगम और पर्यटन विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। गणगौरी गेट के बाद सवारी को निकालने में स्थानीय पुलिस प्रशासन के अलावा मातहतों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है। कभी तीज माता और गणगौर की सवारी भारी भरकम लाव लश्कर से निकती थी। परकोटे की चौड़ी सड़कों पर हाथी-उंटों का लवाजमा, रथ, पैदल सेना, तौपें, रियासतकालीन आयुध सामग्री, लोक-कलाकारों का बड़ा जत्था माता की सवारी के साथ मार्ग से शान से निकलता था। यात्रा के शुरू होने से पहले पूरे मार्ग की सजावट और रंग रोगन की जाती थी।

मुख्यतः सिटी पैलेस की जनानी ड्योढी से निकल त्रिपोलिया, छोटी चौपड़ होते हुए गणगौरी गेट में प्रवेश करती थी। यहां से चीनी की बुर्ज होते हुए पाल बाग, तालकटोरा में जाकर ठहरती थी। रास्तों में दूर-दराज से आए कलाकार अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से राजाओं सहित प्रजा का भी मन मोह लेते थे। पौंडरिकजी की छतरी पर माताजी को तालकटोरा का पानी पिलाया जाता था और घेवर व्यंजन का भोग लगाया जाता था, लेकिन बदलती व्यवस्था में माताजी की सवारी के मार्ग में परिवर्तन होने लगा। संकरी गलियां और मार्ग में पनप रही अव्यवस्था के कारण लवाजमे में शामिल लाव लश्कर भी छोटा होता जा रहा है।



### माता पार्वती का साक्षात रूप है तीज माता

सावन का महीना, चारों ओर हरियाली के बीच तीज का त्योहार महिलाओं और युवतियों के लिए बेहद खास होता है। उत्तर भारत में लोग हरियाली तीज कहते हैं तो पूर्वी भारत में इसे कजली तीज बोलते हैं। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए उपवास रखती हैं, तो युवतियां अच्छे वर की कामना करती हैं। मान्यता है कि यह दिन शिव-पर्वती के मिलन से जुड़ा है। माता पार्वती शिव को पति के रूप में पाना चाहती थीं। इसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या की और भगवान शिव उनकी तपस्या से प्रसन्न हो गए। श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया को पार्वती से विवाह किया। इसलिए इस दिन तीज का त्योहार मनाया जाता है।

### ब्रह्मपुरी के मुख्य मार्ग से निकले सवारी!

पिछली बार तीज माता की सवारी गणगौरी बाजार से निकलने के बाद सीधे ब्रह्मपुरी होकर पौंडरिक पार्क होते हुए तालकटोरा ले जाने की मांग उठी थी। इस संदर्भ में लोगों का कहना है कि मेला भी पौंडरिक पार्क में भरने लग गया है। इसलिए मेला देखने वाले लोग और स्थानीय लोगों को भी यात्रा का फायदा मिलेगा। इससे ब्रहम्पुरी क्षेत्र के लोग भी माताजी की सवारी का स्वागत कर सकेंगे और छोटी चौपड़ पर होने वाली लोगों ही भीड़ भी कम हो जाएगी। लोगों का मानना है कि पर्यटन और रोजगार की दृष्टि से भी तीज माता की सवारी ब्रह्मपुरी के मुख्य मार्ग से निकलनी चाहिए। ताल कटोरा की संकरी गलियों में लोग पहुंच नहीं पाते है और माता की सवारी देखने से लोग वंचित रह जाते है। ब्रह्मपुरी से यात्रा निकले पर छोटी चौपड़ और त्रिपोलिया बाजार में ज्यादा भीड़ नहीं होगी। लोग कई जगहों पर बंट जाएंगे, जिससे प्रशासन को भी मदद मिलेगी।



**विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर सेमिनार**

# स्किन डोनेट करने वालों के परिजनों को किया सम्मानित



**बेधड़क** | जयपुर

विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर जेएमए सभागार में सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्किन डोनेशन करने वालों के परिजनों का सम्मान भी किया गया। गौरतलब है कि एसएमएस अस्पताल में स्किन बैंक को शुरू हुए शनिवार को एक साल पूरा हुआ है।

सेमिनार को संबोधित करते हुए डॉ. आरके जैन ने कहा कि एसएमएस का स्किन बैंक नॉर्थ इंडिया का पहला स्किन बैंक है, जो एम्स से पहले जयपुर में खोला गया। स्किन बैंक में सभी तरह की सुविधाएं मौजूद हैं। इसका लाभ बर्न केस के मरीजों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोगों में स्किन डोनेशन को लेकर जागरूकता का अभाव है।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा ने कहा कि प्लास्टिक सर्जरी की उपयोगिता सर्वाधिक होती है। सभी डिपार्टमेंट में प्लास्टिक सर्जन कार्य करते हैं। कार्यक्रम में एसएमएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा, प्लास्टिक सर्जरी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. आरके जैन व डॉ. मालती चौहान सहित अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

**पांच लाख की रिश्वत लेते धरे गए थे**

# डिप्टी रजिस्ट्रार देशराज समेत 2 निलंबित

**बेधड़क** | जयपुर

सहकारिता विभाग की रेड कार्रवाई की एवज में पांच लाख की रिश्वत लेने वाले सहकारी समितियों के डिप्टी रजिस्ट्रार देशराज यादव और निरीक्षण अरुण प्रताप सिंह को निलंबित कर दिया गया है। एसीबी ने दोनों अफसरों को 5 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। इसके बाद में अब सहकारिता विभाग ने दोनों को निलंबित कर दिया।

निलंबन काल के दौरान दोनों का मुख्यालय जयपुर प्रधान कार्यालय रहेगा। एडिशनल एसपी बजरंग सिंह ने दोनों को ट्रैप किया था।



देशराज यादव | अरुण प्रताप

एसीबी को परिवादी ने शिकायत दी कि कॉपरेटिव सोसायटी के किराये के कार्यालय पर सहकारिता विभाग की टीम की डाली गई रेड के कार्रवाई में मदद करने की एवज में देशराज यादव और अरुण प्रताप सिंह ने 20 लाख रुपए की डिमांड कर परिवादी को परेशान कर रहे हैं।

इस पर एसीबी जयपुर के डीआईजी रणधीर सिंह के सुपरविजन में एसीबी विशेष अनुसंधान इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बजरंग सिंह शेखावत के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया गया। शिकायत सही पाई जाने पर सीआई रघुवीर शरण ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए देशराज यादव,अरुण प्रताप सिंह 5 लाख की रिश्वत राशि लेते हुए गिरफ्तार किया था।

**ABVP की मांग:** दोषी पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करें

# लाठीचार्ज के विरोध में थाने का घेराव

**बेधड़क** | जयपुर

कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने के विरोध में शनिवार को एबीवीपी ने ज्योति नगर थाने का घेराव किया। एबीवीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हुशियार मीणा ने बताया कि करौली में हुई युवती की हत्या के मामले को लेकर शुक्रवार को एबीवीपी के कार्यकर्ता विधानसभा घेरने के लिए शांतिपूर्वक रवाना हुए थे।

पुलिस ने रोकने के लिए छात्रों पर बर्बर तरीके से लाठीचार्ज किया। इसमें आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को चोट आई। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर सरकार के इशारे पर लाठीचार्ज किया गया। दोषी पुलिस कर्मियों को सस्पेंड करने को लेकर शनिवार को ज्योति नगर थाने का घेराव किया।



**खेलों से सियासत साधने की जुगत....**

# युवाओं का साथ पाने के लिए खेल अभियान को बढ़ावा दे रहे जनप्रतिनिधि

**बेधड़क** | जयपुर

किसी भी चुनाव को जीतने के लिए युवा वर्ग का साथ बेहद जरूरी है। युवा वर्ग जिसके साथ जीत का सेहरा भी उसी के माथे पर बंध जाता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कुछ समय से प्रदेश के राजनेताओं का खेलों में रुझान बढ़ता जा रहा है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, दोनों ही पार्टियों के नेता युवा वोटों को साधने की जुगत में अभी से जुट गए हैं।

कांग्रेस सरकार ग्रामीण ओलंपिक करा चुकी है और 5 अगस्त को शहरी ओलंपिक कराने जा रही है। जयपुर ग्रामीण सांसद भी 'खेलो इंडिया' अभियान से युवाओं में सेंध लगा चुके हैं। प्रतियोगिता कराने वालों की लिस्ट में अब सांगानेर से भाजपा विधायक अशोक लाहोटी का नाम भी जुड़ गया है। शनिवार को उन्होंने सांगानेर क्रिकेट लीग का आगाज किया। लीग की ओपनिंग कराने के लिए उन्होंने भाजपा सांसद और भारतीय क्रिकेट के स्टार रहे गौतम गंभीर को बुलाया।




फोटो: पंकज शर्मा

### मानसरोवर के स्टेडियम में 20 दिन तक होगी लीग

सांगानेर विधायक डॉ. अशोक लाहोटी ने बताया कि सांगानेर विधानसभा के खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मानसरोवर के केएल सैनी स्टेडियम में लीग कराई जा रही है। इसका उद्घाटन सांसद और क्रिकेट स्टार गौतम गम्भीर ने किया। इसके अलावा राजस्थान रणजी टीम के कप्तान विनोद माथुर और अन्य टीम सदस्य, जयपुर जिला एसोसिएशन के अध्यक्ष इकबाल खान, ओम शर्मा, सलीम कोमरेड, तपेश कौशिक, रणजीत सैनी भी मौजुद रहे। सांगानेर क्रिकट लीग में 221 युवाओं, 6 महिलाओं, 4 वरिष्ठ नागरिकों की टीमें भाग ले रही हैं।

### प्रतियोगिता में शामिल होंगे ये सात खेल

इस आयोजन में कबड्डी, खो-खो के अलावा टेनिस बॉल से क्रिकेट, वालीबॉल, फुटबॉल (पुरुष वर्ग), बास्केटबॉल और एथलेटिक्स (100, 200 और 400 मीटर) की होगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शहरी और ग्रामीण खेलों में स्टेट लेवल पर जीतने वाली टीम के खिलाड़ियों के गांवों में मनरेगा से 50 लाख रुपए तक की लागत के स्टेडियम बनाने का फैसला किया है। इसके साथ ही इन खेलों में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए सरकारी कॉलेजों में एडमिशन में प्रायोरिटी देने का प्रावधान करने पर भी विचार चल रहा है।

### शहरी ओलंपिक 5 अगस्त से

शहरी ओलंपिक खेल प्रतियोगिता 5 अगस्त से शुरू हो जाएगी। इन खेलों के लिए स्वायत्त शासन निदेशालय ने शेड्यूल जारी किया है। नगरीय निकाय (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका) एरिया में खेलों का आयोजन 5 दिन तक करवाया जाएगा, जबकि जिला स्तर और राज्य स्तर पर ये 4 दिन चलेंगे। इनमें कबड्डी, खो-खो समेत 7 खेलों की प्रतियोगिता होगी। इसके लिए टीमें वार्ड वाइज बनेंगी। इन प्रतियोगिताओं में नगरीय निकाय स्तर पर वार्डों का कलस्टर बनाकर यूनिट बनाई जाएगी और ये कलस्टर जोनवार बनाए जाएंगे। पीटीआई की मदद से खेल मैदानों का चयन कर वहां व्यवस्थाएं नगरीय निकायों को करनी होगी। गौरतलब है कि शहरी और ग्रामीण ओलिंपिक के आयोजन पहले 10 जुलाई से शुरू होने थे, लेकिन बाद में इसकी तारीख को आगे बढ़ाकर 5 अगस्त कर दिया गया।

## जरूरी खबर

### शिव पुराण कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**अलवर।** विजय नगर मैदान में चल रही शिव पुराण कथा में देश के विभिन्न भागों से श्रद्धालुओं का आने का क्रम थम नहीं रहा है। कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि आप पैसा अपने साथ ले नहीं जा सकते, लेकिन उसको पुण्य तो बना सकते हो। कोई भी पैसा पुण्य बन सकता है लेकिन उसके लिए आपको दूसरे के जीवन में खुशी लानी होगी। इसके लिए कुछ नहीं करना, बस इतना ही करना है कि जो भूखा है, उसको खाना खिला दो। कथा के चौथे दिन सांसद बालकनाथ योगी ने संत प्रदीप मिश्रा का स्वागत किया।

### संघ के खिलाफ बयानबाजी पर भड़के सांसद योगी

**अलवर।** जन सुनवाई के दौरान अलवर सांसद महंत बालकनाथ योगी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर विवादित टिप्पणी करने वाले कांग्रेसी नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार जाने वाली है, इसलिए कांग्रेसी नेताओं की ओर से ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, जिससे जनता का ध्यान भटका सके। कहा कि आरएसएस को खत्म करने वाले स्वयं खत्म हो गए, यह एक संगठन मात्र नहीं हैं, राष्ट्रवाद की विचारधारा है। कांग्रेस साढ़े 4 साल के शासन में राजस्थान की जनता को सुशासन देने में असफल रही और अब ध्यान भटकाने के लिए वह बेवजह की बयान बाजी कर रही है।

### डिलीवरी बॉय 7.44 लाख का माल लेकर फरार




**अजमेर।** ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी के ग्राहकों तक सामान पहुंचाने वाली इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड फर्म का डिलीवरी बॉय करीब साढ़े सात लाख रुपए कीमत का सामान लेकर फरार हो गया। कोरियर कंपनी के अधिकारी संदीप जायसवाल ने गंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी अलवर निवासी चेतराम मीणा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार चेतराम मीणा ने 18 फरवरी को भाई का एक्सीडेंट का बहाना बनाकर चला गया। पीछे से चैकिंग करने पर 7 लाख 44 हजार 320 रुपए कीमत का सामान गायब मिला।

---

### गंभीर रोगाणुओं की जांच और रिसर्च के लिए स्पीकर बिरला के प्रयासों से स्थापित हो रही लैब

# BSL-3 लैब के लिए कोटा मेडिकल कॉलेज को मिली राशि

**बेधड़क** | कोटा

हाड़ौती सहित सम्पूर्ण राजस्थान तथा मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र के स्वास्थ्य सेवाओं को लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रयासों से बड़ा बूस्ट मिलने वाला है। कोटा मेडिकल कॉलेज में बीएसएल-3 लैब के निर्माण के लिए स्पीकर बिरला के प्रयासों से आईसीएमआर ने पहली किश्त के तौर पर 6 करोड़ 97 लाख रुपए की राशि जारी कर दिए हैं।

कोविड के दौरान कोटा में गंभीर वायरस की पहचान की चुनौती उजागर हुई थी। कोविड के डेल्टा जैसे वेरिएंट की समय पर पहचान नहीं हो पाने के कारण कई रोगियों



की जान चली गई थी। स्पीकर बिरला ने जब इस बारे में मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों से चर्चा की तो उन्होंने एक विशेषज्ञ जांच लैब की स्थापना की आवश्यकता जताई। स्पीकर बिरला ने इस बारे में



आईसीएमआर में चर्चा की जिसके बाद कोटा में बीएसएल-2+ लैब स्वीकृत हो गई। इसी दौरान आईसीएमआर ने देश में विभिन्न स्थानों पर बीएसएल 3 लैब की स्थापना की प्रक्रिया प्रारंभ की, जिसको देखते हुए बिरला ने विशेष प्रयास कर बीएसएल-2+ लैब को बीएसएल 3 लैब में अपग्रेड करवा दिया।

मेडिकल कॉलेज में बीएसएल 3 लैब के निर्माण के लिए कुल 17 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया है। इसमें से पहली किश्त 6 करोड़ 97 लाख रुपए की राशि आईसीएमआर ने मेडिकल कॉलेज को स्थानांतरित कर दी है। यह राशि मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज अब लैब के सिविल वर्क और आवश्यक जांच उपकरण खरीदने की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेगा।

#### स्थानीय स्तर पर हो सकेगी गंभीर रोगाणुओं की जांच

कोविड के बाद वैज्ञानिक भविष्य में भी गंभीर वायरस के हमले की आशंका लगातार जता रहे हैं। कोचिंग के कारण देश भर से लोगों का कोटा आना-जाना रहता है। ऐसे में बीसएल-3 लैब होने से किसी भी नए आउटब्रेक की स्थिति में रोगाणु की जांच कोटा में ही हो पाएगी। रोगाणु की जल्द पहचान होने से उपचार भी जल्द प्रारंभ करना संभव हो पाएगा। इसके अलावा इस लैब में इन रोगाणुओं पर रिसर्च भी की जा सकेगी।

#### कोटा लैब बनेगी आईसीएमआर नेटवर्क का हिस्सा

मेडिकल कॉलेज कोटा में स्थापित होने वाली बीएसएल-3 लैब आईसीएमआर की देश भर में फैली 17 लैब के नेटवर्क का भाग होगी। इस लैब का डाटा और रिसर्च वर्क दिल्ली, जोधपुर, चैन्नई, पुणे, पटना, अंडमान-निकोबार सहित अन्य लैब्स के साथ शेयर किया जा सकेगा। वहां का डाटा और रिसर्च भी कोटा लैब को मिल सकेगा। इसके साथ लैब को चेन्नई स्थित डाटा माइनिंग सेंटर से भी जोड़ा जाएगा।

---

### दूसरे दिन पानी में तैरते मिले शव, तब घटना का पता चला

# घर से खेलने निकले दो बच्चों की नहर में डूबने से हुई मौत

**■ परिजनों को पानी में तैरते मिले बच्चों के शव**

**बेधड़क** | भरतपुर

शहर की सुजान गंगा नहर में दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। दोनों बच्चे शुक्रवार शाम को घर से खेलने निकले थे, लेकिन रात भर वापस नहीं लौटे। परिजनों ने कई जगह तलाश किया, लेकिन बच्चों का कहीं पता नहीं लगा।

शनिवार सुबह दोनों बच्चों के शव सुजान गंगा नहर में मिले। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों बच्चों के शव आरबीएम जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाए। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे 7-8 वर्षीय हनी पुत्र मोनू और बबलू पुत्र कर्नल सिंह घर से खेलने के लिए निकले।

दो-तीन घंटे बाद भी जब दोनों बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने बच्चों की हर जगह तलाश की। परिजनों ने बच्चों की कोतवाली थाने में गुमशुदगी की लिखित शिकायत भी दी, लेकिन देर रात तक बच्चों का कहीं कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह परिजनों को सूचना मिली कि मनसा देवी मंदिर के पास सुजान गंगा नहर में दो बच्चों के शव मिले हैं। मौके पर जाकर देखा तो हनी और बबलू के शव नहर थे। परिजन तुरंत दोनों को निकालकर निजी अस्पताल लेकर गए, जहां पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।



#### पिता बोले- 10 रुपए लेकर गया था बबलू

बबलू के पिता कर्नल सिंह ने बताया- शुक्रवार शाम 7 बजे बबलू मेरे पास आया। बोला पापा 10 रुपए दो, टॉफी लेकर आऊंगा। उसे 10 रुपए दिए। फिर वो चला गया। बबलू काफी देर तक नहीं आया तो चिंता होने लगी। फिर सोचा कि पड़ोस के बच्चों के साथ खेलने लगा होगा। रात 8 बजे पड़ोस में रहने वाले सोनू सरदार अपने बच्चे हनी को ढूंढते हुए घर आए। पूछा कि हनी का पता है क्या, वह काफी देर से गायब है। सब जगह तलाश लिया। इसके बाद चिंता बढ़ गई। पूरे मोहल्ले में दोनों बच्चों की तलाश की लेकिन उनका पता नहीं लगा। बबलू और हनी दोस्ते थे और दोनों साथ ही गए थे।


---

## बालिका ने खेल-खेल में लगाई फांसी, मौत

**बेधड़क** | कोटा

शहर के रेलवे कॉलोनी थाना इलाके में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई। खेल-खेल में छठवीं में पढ़ने वाली 14 वर्षीय बालिका की ओर से लगाया रस्सी का फंदा मौत का फंदा बन गया, जिससे बालिका की मौत हो गई। बालिका की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है।

यह दर्दनाक हादसा स्टेशन स्थित पूनम कॉलोनी के दुर्गानगर लेबर चौराहा के पास रहने वाले राजेन्द्र शर्मा की सबसे छोटी बेटी के साथ घटित हुआ। जानकारी के अनुसार रेलवे कर्मचारी के परिजनों ने पहली मंजिल से एक रस्सी टांग रखी थी। इस रस्सी के सहारे दूध-सब्जी व



अन्य सामान बाल्टी आदि से ऊपर खींचते हैं।

शुक्रवार रात 10.30 बजे दीपिका शर्मा (14) घर के मुख्य गेट के पास खेल रही थी। इस दौरान दीपिका ने उस लटकी हुई रस्सी का फंदा अपने गले में डाल लिया। वह गले में फंदे लगने के कुछ देर तक झूलती रही और इसके बाद उसका दम घुट गया। परिजन बालिका को अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

### दो दिन तक चिकित्सक करेंगे मंथन

# राजपल्मोकोन 2023 सेमिनार की शुरुआत



**बेधड़क** | बीकानेर

दो दिवसीय राज्य स्तरीय सेमिनार राजपल्मोकोन 2023 की शनिवार को शुरुआत हुई। उद्घाटन सत्र में शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला, आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल, ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी और केश कला बोर्ड अध्यक्ष महेंद्र गहलोत अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

पार्क पैराडाइज में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान के विशेषज्ञ गहन शोध करते हैं। इनके निष्कर्ष मानव स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार से वैचारिक आदान-प्रदान होगा, जो चिकित्सा जगत के लिए बेहतर साबित होगा।आपदा प्रबंधन मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि ऐसे सेमिनार समय समय पर होने चाहिए, जिससे विशेषज्ञों के चिकित्सा से जुड़े अनुभव सांझा किए का सकें। ऊर्जा मंत्री भंवर सिंह भाटी ने कहा कि सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज का इतिहास स्वर्णिम रहा है। यहां के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने देश और दुनिया में बीकानेर का नाम रोशन किया है। उसने लाखों प्रदेशवासियों के दुःख दूर किए हैं। इस दौरान सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने श्वसन रोग विभाग में चल रहे शोध कार्यों की जानकारी दी।

उन्होंने दो दिवसीय सेमिनार के विभिन्न सत्रों और विशेषज्ञ वक्ताओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। उद्घाटन सत्र में डॉ. माणक गुजरानी, डॉ. प्रमोद ठकराल, राजेंद्र सौगत तथा समन्वयक डॉ. अजय श्रीवास्तव ने विचार व्यक्त किए।

---

### अलवर में लव जेहाद का मामला आया सामने

# फैशन डिजाइनर से हिंदू बनकर शादी की, दस लाख रुपए हड़पे

**बेधड़क** | अलवर

अलवर में एक मुस्लिम युवक ने हिंदू बनकर एक फैशन डिजाइनर लड़की से शादी कर ली। जुनैद नाम के इस युवक ने युवती से दस लाख रुपए भी हड़प लिए।

महिला थाना प्रभारी ताराचंद शर्मा ने बताया कि अलवर जिले के समीपवर्ती ककराली गांव में रहने वाले युवक जुनैद पर पीड़िता ने हिंदू बनकर उससे शादी करने व डेढ़ साल तक देह शोषण करने का मामला दर्ज करवाया



है। पुलिस के अनुसार इन दोनों की दोस्ती 2022 में इंस्ट्राग्राम पर हुई थी।

अलवर में फैशन बुटिक चलाने वाली युवती को जुनैद ने अपना नाम रोहित प्रधान बताया था और अपने घर परिवार में बीमारी का हवाला देकर तकरीबन डेढ़ साल में करीब 10 लाख रुपए भी ऐंठ लिए।

जुनैद ने पीड़िता के साथ दूसरे शहर में जाकर शादी भी की। हाल ही में आरोपी युवक ने अपने ही धर्म की एक लड़की से निकाह कर लिया। जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। फिलहाल आरोपी फरार है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

---

### जी-20 युवा उद्यमी सम्मेलन में सेठी कर रहे देश का प्रतिनिधित्व

# वैश्विक उद्यमियों के साथ निवेश पर चर्चा

**बेधड़क** | कोटा

नई दिल्ली में चल रहे जी-20 युवा उद्यमी सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे कोटा के युवा उद्यमी अभिनंदन सेठी ने वैश्विक उद्यमियों से मुलाकात की। अभिनंदन सेठी ने सऊदी अरब के युवा उद्यमी और शाही राज परिवार के सदस्य सहाद बिन मनसूर बिन नासिर बिन अब्दुल अजीज अल साऊद से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि राजस्थान में रेगिस्तान भी हैं और चंबल जैसी सदानीरा नदियां भी बहती हैं। राजस्थान राजा, महाराजाओं और वीरों की धरती है। ऐसे में सहाद



बिन मंसूर ने युवा सम्मेलन के बाद एक बार कोटा आने की इच्छा जाहिर की है। अभिनंदन सेठी ने ब्राजील, मेक्सिको, सिंगापुर, कनाडा, थाईलैंड, जर्मनी, इटली, यूके समेत विभिन्न देशों से आए युवा उद्यमियों के प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कोटा और राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से भी भरा पूरा है। राजस्थान की प्राचीन कला और संस्कृति अद्भुत है। यहां पर निवेश की भी अपार संभावनाएं हैं। युवा उद्यमियों ने राजस्थान में निवेश करने की इच्छा जाहिर की है।

अभिनंदन सेठी ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, इस्कॉन टेंपल के गौरांग दास समेत विभिन्न नेताओं से भी मुलाकात की। अभिनन्दन ने बताया कि G20 युवा उद्यमी गठबंधन, युवा उद्यमियों का एक वैश्विक नेटवर्क है। जी- 20 सदस्य देशों के लिए युवा उद्यमियों के विचार साझा करने के लिए गठबंधन हर साल जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले समिट बुलाता है।

---

### मुख्यमंत्री के शिलान्यास कार्यक्रम से पहले प्रदर्शन

# विकास कार्य नहीं होने से नाराज पार्षदों ने जताया विरोध

**बेधड़क** | माउंट आबू

माउंट आबू नगरपालिका के अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने शनिवार को विरोध प्रदर्शन किया। पार्षदों ने आरोप लगाए कि नगरपालिका प्रशासन की मनमानी के चलते वार्डों में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं।

गौरतलब है कि शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश के विभिन्न जिलों और गांवों में सड़कों के विकास कार्यों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से शिलान्यास किया। सीएम ने माउंट आबू में भी विभिन्न सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए सात करोड़ की सौगात दी, लेकिन सीएम के कार्यक्रम से पूर्व पार्षद आयोजन



स्थल पर पहुंचे और नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पार्षदों का कहना है कि नगरपालिका के अधिकारियों ने मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक पर रोक लगा रखी है। जबकि राजस्थान उच्च न्यायालय की डबल बैंच ने यह निर्णय दिया कि यहां मॉनिटरिंग कमेटी को बैठक करने व निर्णय लेने पर कोई रोक नहीं है।

जिसके चलते सौरभ गंगाडिया, धीरज, देवीलाल सहित कांग्रेस के सुनील मेहरा, तस्लीम बानो, संतोष कंवर सहित अन्य पार्षद हाथ में पोस्टर लेकर अपने-अपने वार्डों में अवरुद्ध हो रहे विकास कार्यों पर आक्रोश में व्यक्त किया। इधर भाजपा पार्षदों के विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता प्रतिपक्ष का गैर हाजिर रहना भी चर्चा का विषय बना रहा।

#### मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक बुलाने पर कोई रोक नहीं: हाई कोर्ट

राजस्थान उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस के अधीन डबल बेंच ने शुक्रवार को मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक बुलाने पर रोक से इनकार किया है। राज्य के अतिरिक्त मुख्य अधिवक्ता संदीप शाह व टीम ने कोर्ट को बताया की कोर्ट द्वारा दिनांक 24 जनवरी 2023 को दिए फैसले को लेकर स्थानीय प्रशासन के लिए स्थिति स्पष्ट नहीं हो रही थी। इसे ऑर्डर को इस रूप में लिया जा रहा था कि बैठक बुलाने पर कोर्ट की रोक है। इससे मॉनिटरिंग समिति की बैठक नहीं हो रही थी।

#### बैठक होने से ये होंगे काम

अब राजस्थान उच्च न्यायालय के इस आदेश के बाद मॉनिटरिंग समिति की जल्द बैठक बुला कर एनजीटी के आदेश पर जोनल मास्टर प्लान फाइनल करना, नोटिफिकेशन की बराबर पालना, आम जन को रिपेयर आदि स्वीकृति, पर्यावरण हित के फैसले करने जैसे कई मामलों में कार्यवाही शुरू हो सकेगी। चीफ जस्टिस की बेंच ने आदेश दिया की बैठक बुलाने, उसमें फैसले लेने, उनकी क्रियान्विति कर अमल में लाने पर कोई रोक नहीं है।

---

# 'द आशाएं फिलिंग स्टेशन' का जूली ने किया उद्घाटन

**बेधड़क** | अलवर

कारागार विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने कारागार विभाग के बंदियों को रोजगार से जोड़ने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने की अभिनव पहल के तहत केंद्रीय कारागार परिसर में लगाए गए पेट्रोल पम्प 'द आशाएं फिलिंग स्टेशन' का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कारागार विभाग मंत्री जूली ने कहा कि कारागार विभाग एवं इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. के सहयोग से केंद्रीय कारागार परिसर में 'आशाएं' संस्था द्वारा यह पेट्रोल पम्प का संचालन शुरू किया गया है, जिसमें खुली जेल में रहने वाले अच्छे चाल-चलन वाले कैदियों को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विभिन्न नवाचारों के माध्यम से जेल के बंदियों को कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है।

वहीं खुली जेल में रहने वाले कैदियों को इन नवाचारों के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस पेट्रोल पम्प का संचालन बंदियों द्वारा ही किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इस पहल से बंदियों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध होगा, जो उनके और उनके परिवार के लिए ससम्मान जीवन यापन करने के लिए अहम कड़ी साबित होगा।

SKIT
असतो मा सद्गमय
www.skit.ac.in

# SWAMI KESHVANAND INSTITUTE OF TECHNOLOGY, MANAGEMENT & GRAMOTHAN

Engineering Branches Accredited by NBA & IE (I)
Recognized by **UGC under Section 2 (f) of the UGC act 1956,**
**Approved by AICTE, New Delhi and affiliated to RTU, Kota**


Swami Keshvanand (1883-1972)

ACCREDITED WITH GRADE A++ NAAC
CGPA 3.67 / 4.00

RANK NO. 1

## First Rank
in Engineering Program For
## 6 CONSECUTIVE YEARS
by Rajasthan Technical University (RTU), Kota

For Choice Filling assistance SCAN THIS QR CODE

# ADMISSIONS OPEN SESSION 2023-24

**Sunday open 10.00 AM to 5.00 PM**

**Admission Helpline : 0141-3500326, 3500327, 3500328, 3500300,**
**B.Tech:** 9694097634, 9314520693, 9928350928
**M.Tech & Ph.D :** 9314256263 | **MBA :** 9680080686

## Courses Offered

### B.Tech.
REAP College Code **1031**

- Civil Engineering
- Computer Science and Engineering
- Computer Science and Engineering (Artificial Intelligence)
- Computer Science and Engineering (Data Science)
- Computer Science and Engineering (IOT)
- Electrical Engineering
- Electronics and Communication Engineering
- Information Technology
- Mechanical Engineering

### B.Tech. (Lateral Entry)

### M.Tech.
**AICTE GATE SCHOLARSHIP**
Rs. 12,400 p.m. for GATE qualified candidates only

### MBA With Dual Specialization

### Ph.D
- EE
- CSE
- ECE
- ME
- BUSINESS ADMINISTRATION

REAP 2023 Official Website :
**https://reap2023.com**

**Record Placements**
**850+**
**Batch 2023**

**Highest Package**
**47 LPA**
**Batch 2023**








**Ramnagaria, Jagatpura, Jaipur-302017 (Rajasthan) | E-mail : admissions@skit.ac.in**

भारत से हजारों किलोमीटर दूर फिलीपींस में मिले सनातन धर्म के साक्ष्य

# 10 हजार वर्ष पुराना शिव त्रिशूल 3000 वर्ष पुराना इंद्र का वज्र!



*बेंगलूरू के रहने वाले शोधार्थी और सोने-कॉपर के खदान व्यापारी सैयद समीर हुसैन को फिलीपींस में पहाड़ी की खुदाई के दौरान 5 मई 2015 को दस हजार पुराना शिव का त्रिशूल और तीन हजार साल पुराना इंद्र का वज्र मिला था। इनको वे 2016 में भारत लेकर आए। सैयद समीर हुसैन के अनुसार यह उनके लिए भगवान का वरदान है। वो इसे अपने घर में रखते हैं और हर साल इसकी पूजा करते हैं। यह बताता है कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर फिलीपींस में भी तत्समय भारतीय सनातन संस्कृति विद्यमान रही।*




**पंकज ओझा**
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*प्राचीन सनातन भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में फैली हुई थी। इसके साक्ष्य आए दिन सामने आते रहते हैं। ये कहीं मंदिरों के रूप में मिल रहे हैं तो कहीं मूर्तियों और विभिन्न अवशेषों के रूप में। कभी किसी देश में तो कभी किसी देश में। ऐसे ही सनातन संस्कृति के प्रमाण बेंगलुरू निवासी शोधार्थी और सोने और कॉपर के खदान व्यापारी सैयद समीर हुसैन को फिलीपींस में खुदाई के दौरान मिले हैं। फिलीपींस में उनको अपनी खदान की माइनिंग के दौरान इंद्र के वज्र और भगवान शिव के त्रिशूल प्राप्त हुए। ये साक्ष्य प्रमाणित करते हैं कि भारत से लगभग 4 हजार किलोमीटर दूर फिलीपींस में भी सनातन संस्कृति विकसित थी। यह बताता है कि भारत देश की संस्कृति और सनातन धर्म कितना विस्तृत है।*

## 2015 में मिले जिन्हें 2016 में भारत लाए


5 मई 2015 को कुछ असामान्य लगने पर श्रम पर्यवेक्षक ने उन्हें खनन स्थल पर बुलाया था। खोज के समय फिलीपींस में त्रिशूल और वज्र जैसे पुरावशेषों को देखकर वह आश्चर्यचकित रह गए। बाद में उन्होंने इन पुरावशेषों को भगवान शिव के त्रिशूल और इंद्र के वज्र के रूप में पहचाना। वे 2016 में इन पुरावशेषों को भारत लाए और अपने दावे का समर्थन करने के लिए 8 साल शोध किया और जुलाई 2023 में उन्होंने दुनिया के सामने इन्हें प्रकट किया। सैयद समीर हुसैन के अनुसार यह उनके लिए भगवान का वरदान है और वे इसे अपने घर में रखते हैं। हर साल इसकी पूजा करते हैं। यह बताता है कि भारत से हजारों किलोमीटर दूर फिलीपींस में भी तत्समय भारतीय सनातन संस्कृति विद्यमान रही।



## 8 साल के शोध में सामने आई सचाई

सैयद समीर हुसैन को यह त्रिशूल और वज्र उनको फिलीपींस की पहाड़ी में खुदाई के दौरान 5 मई 2015 में प्राप्त हुए थे, जिसे वह 2016 में भारत लाए। उन्होंने 8 साल इस पर शोध किया। विद्वानों और आर्कियोलॉजिकल सर्वेक्षण विभाग के परीक्षण और प्रमाणन के बाद यह पाया कि यह त्रिशूल भगवान शिव का और वज्र भगवान इंद्र का ही है। उन्होंने आर्कियोलॉजिकल सर्वे विभाग से इसका प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया। समीर का कहना है कि त्रिशूल लगभग 10 हजार साल पुराना है और वज्र 3 हजार साल पुराना है।







## कविता

### तलाश





**डॉ. दीपक आचार्य**

राक्षस सदैव निगलते रहे हैं
ऋषि-मुनियों और सत्पुरुषों को
चलता रहा है यह सिलसिला
आदि काल से
परंपराओं के बेड़े बढ़ते रहे हैं
सत, त्रेता और द्वापर युग से
आज तो कलियुग है
अब दिखते हैं हर कहीं ये
नई-नई शक्लों में
आदमी का मुखौटा लगाए
आदमखोरों के अभयारण्य में
भूलभुलैया भरे जंगल-जंगल में
मचा है शोर दिन-रात
बहुरूपियों, बिजूकों,
तमाशबीनों,
मदारियों, जमूरों से लेकर
झूठे-फरेबियों और आतंकियों
का,
और आदमी है कि
लगातार खाता जा रहा है धोखा
इन्हें देख-सुन और अनुभव कर
मुखौटों के इस जंगल में
तलाशता है आदमी 'आदमी' को
और इसी खोज में
गंवा बैठता है
खुद की आदमीयत
या
डग बढ़ा लेता है
उस दोराहे की ओर
जहां से फूटते हैं रास्ते
विद्रोह अथवा पलायन के।

## शब्दों की सीख

# इवेंट की फसल



**वीरेश दत्त माथुर**
मानसरोवर, जयपुर

गुड़गांव की बेटी ज्योति अमेरिका के न्यूयॉर्क में तीन साल मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी करने के बाद अपने देश आने के लिए न्यूयॉर्क से हवाई जहाज में बैठती है। थोड़ी देर में हवाई जहाज की सीट पर बैठे-बैठे ज्योति की आंख बंद हो जाती है और वह अतीत की सुनहरी यादों की दुनिया में चली जाती है। यादों में उसे अपने गुड़गांव की गलियों और पगडंडियों के मनोहारी दृश्य नजर आते हैं। वह अपने घर की चौखट से घूमते हुए अपने गांव स्थित खेतों तक पहुंच जाती है। खेतों की लहलहाती फसलों और फसल बेचने के बाद पिता के चेहरे पर आती खुशी को वो यादों के इस संसार में देखती है।

वह यादों में खोई हुई गांव की अपनी सखी-संगियों के साथ खुद को त्योहार पर खुशी और उमंग से नाचते गाते देखती है। अचानक फ्लाइट में अनाउंसमेंट होता है और उसकी आंख खुलती है। फिर वह दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरती है और अपने घर गुड़गांव पहुंचती है। ज्योति जब घर पहुंचती है तो परिवार में खुशी का माहौल बन जाता है। परिवार के सब लोग उससे मिलने आते हैं। अचानक ज्योति की नजर पिता कैलाश के गले पर पड़ती है। वह देखती है कि पिता के गले में हमेशा रहने वाली भारी भरकम सोने की चेन नहीं है। वह घबराकर पूछती है- 'पापा आपके गले की चेन कहां है?' पिता उसे कमजोर आवाज से कहते हैं- 'मैने कमरे में खोल कर रख दी है।'

पिता की कमजोर आवाज और चेहरे की मायूसी से ज्योति को कुछ शंका सी होती है। वह फिर पापा से पूछती है- 'पापा सब सही है ना?' अचानक ज्योति की मां सभी रिश्तेदारों के बीच से ज्योति को उठाकर अलग कमरे में ले जाती है। वहां वह फूट-फूट कर रोने लगती है। वह रोते हुए रूंधे गले से बताती है- 'बेटी घर में तो आफत आई हुई है। खाने पीने के लाले पड़े हुए हैं। कर्ज के बोझ तले दब गया है पूरा परिवार।' ज्योति की मां रोते हुए कहती है- 'तेरे पिताजी को बीमारी ने घेर लिया है। वे खेत पर काम नहीं कर पा रहे हैं। मजदूर भी अब बहुत महंगे हो गए हैं। इसलिए लंबे समय से खेत से कमाई नहीं आ रही है। बैंकों से जो कर्ज लिया था, उसे चुका नहीं पा रहे हैं। एक-एक कर सारे गहने बेच दिए हैं। कल ही तेरे पापा ने अपने गले की चेन बेची है। अब तो बेचने के लिए भी कुछ नहीं बचा है। तेरे पिताजी की बीमारी में इतने पैसे लग गए हैं कि अब घर पर पैसे ही नहीं बचे हैं।'

सारे बातें बताते हुए ज्योति की मां सरस्वती तेज-तेज रोने लगती है। सरस्वती के रोने की आवाज सुन घर-परिवार के सभी लोग कमरे में दौड़ आते हैं। मां की बातें सुनकर ज्योति सन्न रह जाती है। उसे ऐसे लगता है कि उसकी बनी बनाई दुनिया उजड़ गई है। वह पिता के गले लगकर फूट-फूट कर रोने लगती है। ज्योति रोते हुए अपने पिता से कहती है- 'पिताजी घर में इतना संकट आ गया और आपने मुझे बिल्कुल नहीं बताया।' पिता ने ज्योति को ढांढ़स बंधाते हुए कहा- 'बेटी तू ही तो हमारा आसरा और सहारा है। मैं घर के संकट को तुझे बताकर तेरी पढ़ाई में व्यवधान नहीं डालना चाहता था। अब तू आ गई है तो समस्या का कोई न कोई समाधान तो हो ही जाएगा। ज्योति ने पिता की हां में हां मिलाते हुए मां के पास जाकर कहा- 'मां अब तेरी बेटी पढ़ाई कर आ गई है। अब हमारे दिन अच्छे आएंगे।' ज्योति ने पिता से कहा- 'पिताजी आप चिन्ता नहीं करें। खेत में आप काम नहीं कर पा रहे हैं तो कोई बात नहीं। आपकी पढ़ी-लिखी बेटी अब आपके खेत में इवेंट की फसल उगाएगी। हम इससे इतना कमाएंगे कि सारे दुःख दर्द दूर हो जाएंगे।

ज्योति अपने दोस्तों को अगले दिन खेत पर बुलाने के लिए मेल करने लगती है। दूसरे दिन दोपहर को ज्योति अपने पिता जी के साथ खेत पर पहुंचती है। वहां एक-एक कर उसके दोस्त आने लगते हैं। ज्योति सभी दोस्तों से कहती है- 'आज मैंने आप सब को अपने खेत में इसलिए बुलाया है कि मैं अपने खेत में इवेंट की फसल उगाना चाहती हूं।' ज्योति ने खेत पर इवेंट आयोजन के अपने आइडिये के बारे में अपने दोस्तों को विस्तार से बताया तथा उनसे भी इस बारे में सुझाव मांगे। ज्योति के आइडिए की हर दोस्त ने तारीफ की तथा इवेंट आयोजन में असीम संभावनाएं बताई। ज्योति के दोस्त नितेश ने कहा- 'खेत को फिल्म स्टूडियो बना दो। यहां फिल्मों की शूटिंग करवाकर उससे भारी किराया कमाओ।' शैलेश ने कहा- 'खेत में चुनावी सभा करवाओ, गोष्ठी, संगोष्ठी आयोजित करवाओ।' पूजा ने कहा खेत में- पुस्तक मेला, फैशन शो, शू मेले से लेकर फूड मेला आयोजित करवाया जा सकता है।' राकेश ने कहा- विलेज ट्यूरिज्म का भी आज अच्छा खासा स्कोप है। खेत में पर्यटकों को ठहराओ और मन माफिक दाम कमाओ। ज्योति ने सभी दोस्तों के आइडिये को मिल बैठकर क्रियान्वित किए जाने के लिए दोस्तों की एक कमेटी बनाई। कमेटी ने खेत में इवेंट आयोजन के अलग-अलग आइडियों के अनुसार योजना बनाई और वर्चुअल मीडिया के जरिए उसका प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया। निश्चत समय के बाद ज्योति के खेत पर अनेक इवेंट आयोजित होने लगे। गांव में कारों का काफिला आने लगा, दर्शकों की भीड़ खेत पर उमड़ने लगी। खेत पर इवेंट आयोजन के किराए से ज्योति के पापा का बैंक बैलेंस तेजी से बढ़ने लगा। धीरे-धीरे उन्होंने अपने गिरवी रखे गहनों को वापस ले लिया। सोने की चेन वापस गले में डालकर वो लैपटॉप पर इवेंट की बुकिंग करने लगे।

विदेश से पढ़कर आई गुड़गांव की बेटी ज्योति ने गांव की दशा और दिशा बदल दी। गांव के हर खेत में इवेंट की फसल लहलहाने लगी। खेत पर इवेंट आयोजन से गांव के सभी लोगों की खूब कमाई होने लगी। खेत पर इवेंट आयोजन की खबर देश दुनिया में तेजी से फैलने लगी। एक टीवी पत्रकार ने जब ज्योति से खेत पर इवेंट आयोजन के आइडिये के बारे में पूछा तो उसने कहा- 'अच्छी पढ़ाई-लिखाई से नये आइडिये पनपते हैं। आज रुटीन के कामों से हटकर भी बहुत से काम कर धन कमाया जा सकता है। आज स्टार्टअप के जरिए युवा बहुत कुछ नया कर रहे हैं। नये-नये विचार और नये काम से देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। ज्योति ने कहा कि खेत में इवेंट आयोजन तो घर की परिस्थितियों के अनुसार शुरू किया है। अब देखिए देश का युवा क्या-क्या नया करता है। समय के अनुसार आज जो बदलाव करेगा, वही आने वाले समय का सिकंदर कहलाएगा।



**इनीशिएटिव:** स्कूल शिक्षा और चिकित्सा विभाग मिलकर फैलाएंगे जागरुकता

# छात्रों को नशे से बचाने को चलेगा 'टोबेको एंड ड्रग फ्री यूथ' कैम्पेन

बेधड़क | जयपुर




प्रदेश के सरकारी स्कूलों में स्कूल शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग 'टोबैको एंड ड्रग फ्री यूथ' कैम्पेन चलाकर युवाओं को नशे से बचाने के लिए काम करेंगे।

स्कूल स्टूडेंट्स को इस संबंध में अवेयर करने के लिए 'नो बैग डे' पर यह अभियान चलाया जाएगा। शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित नेशनल हैल्थ मिशन (एनएचएम) की ओर से यह अभियान 60 दिन तक प्रदेशभर में चलाया जाएगा।

इस सिलसिले में शिक्षा विभाग और एनएचएम के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आबूरोड स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान में 'की रिसोर्स पर्सन' की ट्रेनिंग का आगाज हुआ।

ट्रेनिंग का शुभारम्भ जयपुर से वीसी के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने किया। जैन ने बताया कि इस कैम्पेन के तहत छात्र-छात्राओं को न केवल स्वयं के विद्यालय परिसर बल्कि अपने आसपास के एरिया में भी तम्बाकू रोधी गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाएगा, जिससे बच्चे बचपन से ही इस बुरी लत से दूर रहें।

### स्कूलों में बनेंगे 'तंबाकू मॉनिटर'

इस कैम्पेन में शिक्षण संस्थानों के प्रभारी एवं अध्यापकों को विद्यालय परिसर को पूर्णतया तंबाकू मुक्त रखने की जिम्मेदारी दी जाएगी। अभियान के बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में लगातार तम्बाकू रोधी गतिविधियां जारी रहेंगी। कैम्पेन के तहत शिक्षण संस्थानों के परिसर में प्रमुख स्थानों पर 'तम्बाकू मुक्त परिसर' के बोर्ड लगाए जाएंगे, प्रवेश द्वार एवं बाउंड्री वॉल पर साइनेज, पोस्टर आदि लगेंगे व 6 माह में तम्बाकू नियंत्रण सम्बंधी कम से कम एक गतिविधि का आयोजन होगा। हर स्कूल में 'तंबाकू मॉनिटर' बनेंगे जिनका नाम, पदनाम व संपर्क सूत्र बोर्ड पर लिखा जाएगा। तम्बाकू उपयोग नहीं करने के नियम को शिक्षण संस्थान की आचार संहिता में सम्मिलित करने जैसी जागरुकता गतिविधियों का भी संचालन होगा।

## Yuva स्टोरीज




### रीट लेवल-2 के डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन 18 से |

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रीट लेवल-2 के लिए डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन 18 जुलाई से किया जाएगा। प्रदेशभर में 18 जुलाई से 2 अगस्त तक सुबह 10 से शाम 6 बजे तक जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालयों पर डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन किया जाएगा। लेवल-2 में शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थी अपने गृह जिले में दस्तावेजों का सत्यापन करवा सकेंगे। जिन अभ्यर्थियों के गृह जिले में जिला शिक्षा अधिकारी नहीं बैठते उनके लिए नजदीक के जिलों में व्यवस्था की गई है। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद 27 हजार पदों के लिए फाइनल रिजल्ट जारी कर अभ्यर्थियों को पोस्टिंग दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड उम्मीदवारों की फाइनल लिस्ट बीकानेर शिक्षा विभाग भेजेगा। यहां से फाइनल रिजल्ट के आधार पर उम्मीदवारों को पोस्टिंग दी जाएगी। यह प्रक्रिया पूरी होने में लगभग डेढ़ महीने का समय लग सकता है। प्रारंभिक शिक्षा विभाग के निदेशक कानाराम ने बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद जल्द से जल्द उम्मीदवारों को पोस्टिंग दे दी जाएगी। लेवल-2 के साथ लेवल-1 के भी अब तक डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन से वंचित अभ्यर्थी 18 जुलाई से 23 जुलाई तक एक बार फिर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करा सकते हैं। इसके बाद लेवल-1 की फाइनल लिस्ट जारी की जाएगी।

**ये रहेगा शेड्यूल:** 18 जुलाई से 22 जुलाई तक लेवल-2 इंग्लिश, 24 से 26 जुलाई तक विज्ञान और गणित, 27 से 29 जुलाई तक सामाजिक अध्ययन, 31 जुलाई से 2 अगस्त हिंदी, संस्कृत, उर्दू, पंजाबी और हिंदी सब्जेक्ट के अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफाई किए जाएंगे।



श्रीलाल हरदासानी



नरेन्द्र ओढरानी

### बच्चों की शिक्षा के लिए आगे आए भामाशाह |

**जयपुर।** जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा मुहैया कराने व उनकी अन्य जरूरतें पूरी करने के लिए दो उद्योगपति आगे आए हैं। जवाहर नगर स्थित राइज एंड रन प्री प्राइमरी एंड डे बोर्डिंग के माध्यम से इन उद्योगपतियों के सहयोग से बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। स्कूल डायरेक्टर डॉ. भारती खत्री ने बताया कि हॉन्गकॉन्ग में बिजनेस करने वाले प्रवासी भारतीय हिंदू एसोसिएशन हॉन्गकॉन्ग के अध्यक्ष श्रीलाल हरदासानी व मोहिनी देवी लेखराज ओढरानी चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी नरेन्द्र ओढरानी के सहयोग से उनकी स्कूल की ओर से अब तक काफी बच्चों को शिक्षा मुहैया कराई गई है। साथ ही आसपास के इलाकों के जरूरतमंद बच्चों की समय समय पर विभिन्न प्रकार से मदद की जाती है। डॉ. खत्री ने इन दोनों व्यवसाइयों का समाजहित में आगे आने के लिए धन्यवाद किया है।

**NTA ने जारी किया रिजल्ट**

# CUET-UG में 22 हजार स्टूडेंट्स को 100 पर्सेंटाइल

बेधड़क | नई दिल्ली/जयपुर



देशभर के केंद्रीय विश्वविद्यालयों सहित अन्य विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में प्रवेश के लिए आयोजित कंबाइंड यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-यूजी (सीयूईटी) में 22 हजार से अधिक स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किए हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को सीयूईटी-यूजी के नतीजे घोषित किए। यूजीसी अध्यक्ष प्रो. एम जगदीश कुमार ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने परीक्षा में सफल हुए स्टूडेंट्स को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

इस परीक्षा के स्कोर के आधार पर स्टूडेंट्स को विश्वविद्यालयों व कॉलेजों के अंडर ग्रेजुएट कोर्सेज में एडमिशन मिलेगा। इस वर्ष दूसरी बार हुई देश की इस दूसरी सबसे बड़ी परीक्षा में इस वर्ष 11.11 लाख से अधिक स्टूडेंट्स शामिल हुए थे। गत वर्ष 9.9 लाख ने यह परीक्षा दी थी।

रिजल्ट जारी होने के बाद एनटीए की वरिष्ठ निदेशक साधना पाराशर ने कहा कि प्रत्येक उम्मीदवार के प्रदर्शन का मूल्यांकन समान-परसेंटाइल विधि का इस्तेमाल करके किया गया है।

इसमें प्रत्येक उम्मीदवार के सामान्यीकृत अंकों की गणना एक ही विषय के लिए कई दिन के सत्र में छात्रों के प्रत्येक समूह के परसेंटाइल का इस्तेमाल करके की गई है। उन्होंने बताया कि एनटीए की भूमिका उम्मीदवारों के पंजीकरण, परीक्षा संचालन, आंसर की जारी करने, ऑब्जेक्शन आमंत्रित करने, आंसर की को अंतिम रूप देने, परिणाम तैयार कर घोषित करने और स्कोर कार्ड की मेजबानी तक ही सीमित है। विश्वविद्यालय एनटीए द्वारा उपलब्ध कराए गए स्कोरकार्ड के आधार पर अपनी काउंसलिंग के बारे में निर्णय लेंगे।

### फैक्ट फाइल CUET- UG

- 1499796- कुल रजिस्ट्रेशन
- 1116018 - कुल परीक्षार्थी
- 602028 - मेल कैंडिडेट्स
- 513978 - फीमेल कैंडिडेट्स

### अंग्रेजी में सर्वाधिक छात्र टॉप स्कोरर

छात्रों ने सबसे ज्यादा अंक अंग्रेजी में हासिल किए हैं, उसके बाद जीव विज्ञान और अर्थशास्त्र के छात्र हैं। परीक्षा में 5685 स्टूडेंट्स ने अंग्रेजी में 100 परसेंटाइल प्राप्त किए। जीवविज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/जैव रसायन विज्ञान में 4850 स्टूडेंट्स ने शीर्ष स्कोर प्राप्त किया। इसके बाद अर्थशास्त्र में 2836 उम्मीदवारों को 100 परसेंटाइल मिले हैं।

### अब ऐसे मिलेगा प्रवेश

अब सीयूईटी-यूजी के आधार पर एडमिशन देने वाले विश्वविद्यालय और संस्थाएं सीयूईटी-यूजी स्कोर के आधार पर स्टूडेंट्स की मेरिट सूची जारी करेंगे। स्टूडेंट्स को इन यूनिवर्सिटीज और संस्थाओं में एडमिशन काउंसलिंग में शामिल होने के लिए अलग से आवेदन करना होगा। स्टूडेंट्स कोर्सेज की चॉइस, प्रेफरेंस व सीयूईटी स्कोर के आधार पर रैंक लिस्ट जारी की जाएंगी। दिल्ली विश्वविद्यालय ने आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है।



**सुबोध पब्लिक स्कूल में मॉडल कॉम्पिटिशन**

## स्टूडेंट्स के बनाए मॉडल्स में दिखा चंद्रयान का उत्साह

बेधड़क | जयपुर

सारा देश चंद्रयान को लेकर उत्साहित है, ऐसे में रामबाग चौराहा स्थित सुबोध पब्लिक स्कूल में शनिवार को स्टूडेंट्स ने चंद्रयान को अपनी लाजवाब क्रिएटिविटी से साकार किया। शनिवार को विश्व युवा कौशल दिवस पर स्टूडेंट्स ने स्कूल में चल रहे मॉडल कॉम्पिटिशन के अंतिम दिन अपनी साइंस व टेक्नोलॉजी स्किल्स को मॉडल्स के जरिए मंच दिया। कॉम्पिटिशन के विजेता स्टूडेंट्स को स्कूल प्रिंसिपल कमलजीत यादव ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य थीम 'टेक्नोलॉजी एंड टॉयज' के अंतर्गत छह सब कैटेगरीज में स्टूडेंट्स ने अपने मॉडल्स डिस्प्ले किए। जियो साइंस, आईटी इन वॅरियस सेक्टर्स, मैथ्स इन डेली लाइफ, बायो एनवायर्नमेंट, फिजिकल साइंस, कॉमर्स एंड ट्रेड, डिजास्टर रेसिस्टेंट बिल्डिंग, ट्रैफिक विदाउट ट्रैफिक सिग्नल, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, स्मार्ट सिटी, एप्लीकेशन ऑफ एआई जैसे मॉडल्स से स्टूडेंट्स ने जजेस व आगंतुकों का ध्यान खींचा। इस दौरान स्टूडेंट्स में भारी उत्साह देखने को मिला। प्रतियोगिता में शामिल स्टूडेंट्स के साथ ही मॉडल्स देखने पहुंचे स्टूडेंट्स भी उत्साहित नजर आए। निर्णायक मंडल ने मॉडल्स को विभिन्न मापदंडों पर परखा और उनकी सराहना की। स्टूडेंट्स ने व्यअर्स को अपने मॉडल्स की जानकारी दी, इनके फंक्शंस के बारे में समझाया व इनकी उपयोगिता बताई। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 मॉडल्स डिस्प्ले किए गए। निर्णायक मंडल में वर्तिका बोथरा, रितेश कोचेटा और लता चंचलानी ने मॉडल्स का परीक्षण किया।



## दसवीं पास छात्राएं पॉलिटेक्निक कॉलेज में करें आवेदन

**जयपुर।** राजस्थान के सभी राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया जारी है। इन कॉलेजों के विभिन्न कोर्सेज में प्रवेश के लिए दसवीं पास कर चुकी स्टूडेंट्स आवेदन कर सकती हैं। आवेदन ऑफिशियल वेबसाइट www.hte.rajasthan.gov.in या www.dte.rajasthan.gov.in पर किया जा सकता है। प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 2 अगस्त है। महिला पॉलिटेक्निक कॉलेजों में कॉमर्शियल आर्ट, टैक्सटाईल डिजाईन, कास्ट्यूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेन्ट, इन्टीरियर डेकॉरेशन, फैशन एण्ड टैक्सटाईल डिजाईन और विजुअल ग्राफिक्स में तीन साल के पाठ्यक्रम के साथ ही ब्यूटी कल्चर विभाग में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम करवाया जाता है। जयपुर के गांधी नगर स्थित महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल शालिनी गुप्ता ने बताया कि राजस्थान के सभी महिला पॉलिटेक्निक कॉलेजों में डिप्लोमा और स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर को अधिकृत नोडल सेन्टर बनाया गया है। आवेदन प्रक्रिया में समस्या आने पर स्टूडेंट कॉलेज के नंबर 8619637821 या 0141-2706688 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## आईआईएस ने धूमधाम से मनाया 33वां फाउंडेशन डे



बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर स्थित इंडिया इंटरनेशनल स्कूल का 33वां फाउंडेशन डे शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह में विभिन्न राज्यों से आए स्कूल के पूर्व स्टूडेंट्स भी शामिल हुए। इस मौके पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्टूडेंट्स ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों माहौल को उत्साह से भर दिया। आईआईएस के संस्थापक डॉ. अशोक गुप्ता ने कहा कि 16 जुलाई 1990 को आईआईएस की आधारशिला रखी गई थी। आज यह संस्थान एक वटवृक्ष की भांति शिक्षा क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश और समाज का नाम रोशन किया है। इस दौरान पूर्व छात्रों व वर्तमान छात्रों के बीच मैत्रीपूर्ण मैच भी खेला गया। पूर्व छात्रों ने वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन भी किया। प्राथमिक विंग ने रचनात्मक लेखन कौशल का आनंद लिया, जबकि मिडिल विंग और सीनियर विंग ने कला, शिल्प और साहित्यिक गतिविधियों में अपनी रचनात्मकता का उपयोग किया। समारोह के अंत में विद्यालय की प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने सभी आगन्तुकों का आभार जताया।

**सरोकार** | **SRN इंटरनेशनल स्कूल में मनाया फाउंडर्स डे**

# प्रकृति संरक्षण के लिए स्टूडेंट्स ने दिए क्रिएटिव मैसेज

बेधड़क | जयपुर




जगतपुरा स्थित एसआरएन इन्टरनेशनल स्कूल का कैंपस शनिवार को प्रकृति के रंगों से रंगा नजर आया। स्कूल ने शनिवार को अपने संस्थापक का जन्मदिवस प्रकृति संरक्षण के रूप में मनाया।

इस दौरान प्रदर्शनी, साइकिल रैली व पौधारोपण जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से स्कूल स्टूडेंट्स ने प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

स्कूल फाउंडर रिटायर्ड आईएफएस रवि शंकर ने इस अवसर पर कहा कि अगर देश के सभी बच्चे अपने जन्म दिन पर एक पौधा लगाएं और उसके आजीवन संरक्षण का संकल्प लें तो वह दिन दूर नहीं जब धरती फिर से पूरी तरह हरी भरी हो जाएगी और हम ग्लोबल वॉर्मिंग व पर्यावरण प्रदूषण जैसी बड़ी समस्याओं को खत्म कर पाएंगे। इससे पहले रवि शंकर का स्कूल स्टूडेंट्स और स्टाफ ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ तिलक लगाकर स्वागत किया। स्कूल प्रिंसिपल उषा शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अपनी धरती के प्रति स्नेह उत्पन्न होता है और उनमें सकारात्मक बदलाव आते हैं। गौरतलब है कि प्रकृति प्रेमी रवि शंकर का जन्म दिवस स्कूल में हर साल प्रकृति संरक्षण दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### प्रदर्शनी में दिखाया टैलेंट

स्कूल में इस अवसर पर प्रकृति संरक्षण के संबंध में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में स्कूल स्टूडेंट्स ने चार्ट्स, मॉडल्स व पेंटिंग्स के जरिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्टूडेंट्स ने इसके साथ ही गीत-संगीत व नृत्य नाटिका का भी प्रदर्शन किया व इनके माध्यम से अिधक से अधिक पेड़ लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इन प्रस्तुतियों से छात्रों ने वन, पहाड़ व वन्य जीवों का महत्व बताते हुए इनके संरक्षण का संकल्प लिया। छात्रों व शिक्षकों ने इस अवसर पर विद्यालय परिसर में व आसपास पौधे लगाए।

### साइकिल रैली में दिखा जोश

इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने साइकिल रैली भी निकाली। छात्र अपने हाथों में पर्यावरण संरक्षण के संदेश लिखी तख्तियां लिए साइकिलों पर निकले। इस दौरान स्टूडेंट्स का जोश देखने लायक था। स्कूल स्टाफ ने भी स्टूडेंट्स के साथ साइकिल रैली में भाग लिया।

## जरूरी खबर

### जनरल पांडे का LOC पर अग्रिम इलाकों का दौरा



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के मद्देनजर जम्मू कश्मीर में नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने उनके दौरे और अग्रिम इलाकों में तैनात कुछ सैनिकों के साथ बातचीत की तस्वीरें भी ट्वीट कीं। सेना ने ट्वीट किया, जनरल मनोज पांडे ने अभियानगत तैयारियों की समीक्षा के लिए नियंत्रण रेखा के पास अग्रिम क्षेत्रों का दौरा किया। कमांडर ने जनरल पांडे को घुसपैठ-रोधी ढांचे के बारे में भी जानकारी दी।

### मानहानि मामला: राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात उच्च न्यायालय के सात जुलाई के आदेश को चुनौती देते हुए शनिवार को उच्चतम न्यायालय का रुख किया। गुजरात उच्च न्यायालय ने मोदी उपनाम वाली टिप्पणी को लेकर आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की दोषसिद्धि के फैसले पर रोक लगाने के अनुरोध वाली उनकी याचिका सात जुलाई को खारिज कर दी थी। गांधी ने 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' प्रसन्ना एस. के जरिए अपील दायर की। गुजरात में भाजपा के विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर 2019 के मामले में सूरत की मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 23 मार्च को राहुल गांधी को दोषी ठहराते हुए दो साल जेल की सजा सुनाई थी।

### आजम खान को कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्थानीय सांसद-विधायक अदालत ने शनिवार को 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने के सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान को दो साल के कारावास की सजा सुनाई है। इसके पहले भी भड़काऊ भाषण देने के एक अन्य मामले में खान को सजा सुनाई जा चुकी है जिसके चलते उन्होंने अपनी विधानसभा की सदस्यता गंवा दी थी। सांसद-विधायक अदालत के न्यायाधीश शोभित बंसल ने आजम खान को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई और ढाई हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## हिमाचल: बाढ़ व भारी बारिश के जख्मों को भरने की तैयारी



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश में हाल में हुई अतिभारी बारिश व बाढ़ से राज्य में व्यापक नुकसान हुआ है। इससे शहरों व विभिन्न राजमार्गों को बहुत नुकसान पहुंचा है। जिनके अब ठीक किया जा रहा है। मनाली में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए मनाली-लेह राजमार्ग को दुरुस्त करने में लगी सीमा सड़क संगठन की टीम व अन्य लोग। -पीटीआई

### रात्रिभोज में नहीं, बैठक में शामिल होंगी ममता



**नई दिल्ली।** प.बंगाल की सीएम ममता बनर्जी 17 जुलाई को विपक्ष के रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगी क्योंकि उन्हें सर्जरी के बाद के 'प्रोटोकॉल' का पालन करना होगा। लेकिन वह 18 जुलाई को विपक्षी दलों की दिन भर चलने वाली बैठक में हिस्सा लेंगी। बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने यह जानकारी दी। बनर्जी ने गुरुवार को कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल में अपने बाएं घुटने की 'माइक्रोसर्जरी' कराई है। 27 जून को उत्तर बंगाल के सेवोके एयरबेस पर हेलिकॉप्टर की आपातकालीन लैंडिंग के दौरान टीएमसी प्रमुख के बाएं घुटने में चोट लग गई थी। टीएमसी के एक सूत्र ने कहा, उनके डॉक्टरों ने उन्हें यात्रा करने और विपक्षी बैठक में भाग लेने की अनुमति दे दी है, लेकिन उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है। इसलिए वह रात्रिभोज में भाग नहीं लेंगी

## दिल्ली: बाढ़ प्रभावित इलाकों में हालत में सुधार, बारिश ने बढ़ाई चिंता

# यमुना में जलस्तर तो घट रहा है लेकिन चढ़ रहा 'सियासी पारा'

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली में यमुना नदी में जलस्तर घट रहा है और शहर में बाढ़ग्रस्त इलाकों में भी हालात में सुधार हो रहा। लेकिन शनिवार को कई इलाकों में फिर हुई बारिश ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। दूसरी ओर राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ को लेकर सियासी पार चढ़ गया है। भाजपा और आप में आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए हैं। दोनों पार्टियों ने एक दूसरे की सरकारों को बाढ़ के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

मंडलायुक्त अश्वनी कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि यमुना में जलस्तर घट रहा है और प्रभावित इलाकों में भी हालात में सुधार आ रहा है। ज्ञात रहे कि दिल्ली के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के बाद यमुना में जलस्तर खतरे के निशान के पार चला गया जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए। निचले इलाकों में रह रहे हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाना पड़ा। शनिवार सुबह 10 बजे तक जलस्तर कम होकर 207.43 मीटर पर पहुंचा।





### बारिश की नहीं, आरोप-प्रत्यारोपों की झड़ी

#### BJP सरकारों ने जानबूझकर दिल्ली में छोड़ा पानी: आप

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और हरियाणा की सरकारों ने जानबूझकर राष्ट्रीय राजधानी की ओर पानी छोड़ा, जिसकी वजह से शहर में बाढ़ आई। उन्होंने कहा, हथिनीकुंड बैराज से तीन नहरों - पश्चिमी नहर, पूर्वी नहर और यमुना में पानी छोड़ा जाता है। नौ से 13 जुलाई के बीच षड़यंत्र के तहत यमुना नहर से केवल दिल्ली की ओर पानी छोड़ा गया।

#### बाढ़ 'आप' सरकार की निष्क्रियता व भ्रष्टाचार का नतीजा: भाजपा

भाजपा ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में बाढ़ के लिए यहां की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की निष्क्रियता और भ्रष्टाचार जिम्मेदार है। पार्टी ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्थिति से निपटने में 'असफल' रहने के लिए जनता से माफी मांगे। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया और पार्टी सांसद प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने आरोप लगाया कि दिल्ली में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हुई क्योंकि केजरीवाल सरकार ने गत आठ साल में यमुना से गाद निकालने के लिए काम नहीं किया।

#### जारी है आईटीओ बैराज के गेट खोलने की कवायद

यमुना में आए उफान के बाद नदी का पानी शहर के अंदर घुसने लगा था और कई इलाके जलमग्न हो गए, लेकिन यमुना से पानी आगे निकालने के लिए आईटीओ के पास बने बैराज के पांच गेट खुल ही नहीं सके। भारतीय सेना पहले से ही बैराज के गेट खोलने में जुटी है और शुक्रवार शाम एक गेट खुलने में सफलता हासिल की थी, लेकिन अभी भी चार गेट नहीं खोले जा सके थे।

## कांग्रेस: रणनीतिक समूह की बैठक

# निर्वाचित सरकारों के अधिकारों पर आक्रमण का विरोध रहेगा जारी

- अध्यादेश पर आप के रुख के आई करीब

**एजेंसी** | नई दिल्ली



कांग्रेस ने संसद के मानसून सत्र में मणिपुर हिंसा, संघीय ढांचे पर आक्रमण और महंगाई समेत कई मुद्दों को उठाने का शनिवार को फैसला करते हुए कहा कि वह चुनी हुई सरकारों के संवैधानिक अधिकारों पर मोदी सरकार के आक्रमण का हमेशा विरोध करती रही है और आगे भी करेगी।

पार्टी संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अगुवाई में हुई शनिवार को कांग्रेस के संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई। जिसमें इस पर चर्चा हुई। बैठक के बाद पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने यह बात कही। 'संघीय ढांचे पर आक्रमण' के खिलाफ लड़ाई की कांग्रेस की घोषणा को इस मायने में अहम माना जा रहा है कि आम आदमी पार्टी दिल्ली से संबंधित अध्यादेश को लेकर कांग्रेस से उसका रुख स्पष्ट करने की मांग कर रही है। रमेश ने कहा, संघीय ढांचे पर जो आक्रमण हो रहा है, मोदी सरकार यह आक्रमण कुछ जगहों पर खुद कर रही है और कुछ जगहों पर उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल आक्रमण कर रहे हैं।

#### मणिपुर पर मौन तोड़ें प्रधानमंत्री

रमेश ने संवाददाताओं से कहा, मणिपुर के मामले पर हम अडिग हैं कि संसद में इस पर चर्चा होना जरूरी है। सत्र के शुरुआत में ही इस पर चर्चा होनी चाहिए। प्रधानमंत्री को बोलना चाहिए और सदन में मौजूद रहना चाहिए। वह मणिपुर को लेकर स्थिति से सदन से अवगत कराएं और अपना मौन व्रत तोड़ें।

**संसद में उठाएगी ये मुद्दे:** रमेश ने बताया कि जीएसटी नेटवर्क से संबंधित पीएमएलए में संशोधन, महंगाई, अडाणी मामले पर जेपीसी की मांग, महिला पहलवानों के साथ सरकार के रवैये और राज्य से संबंधित कई विषय संसद में उठाए जाएंगे।

## बगावत के बाद शरद पवार से पहली बार मिले अजित

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में जारी सियासी हलचल के बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री अजित पवार शुक्रवार को अपने चाचा और एनसीपी चीफ शरद पवार से मिलने पहुंचे। राकांपा में हुई बगावत के बाद दोनों नेताओं की ये पहली मुलाकात थी। अजित ने इस मुलाकात को लेकर कहा कि उन्हें अपने परिवार से मिलने का अधिकार है। मेरी चाची की तबीयत खराब है। वे अस्पताल में भर्ती थीं। इसलिए मैं उनसे मिलने गया।

**पीएम से मुलाकात 18 को:** अजित पवार ने शनिवार को कहा कि उनका 18 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करने का कार्यक्रम है।

## चिराग को राजग की बैठक बुलाया

**नई दिल्ली।** लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के नेता चिराग पासवान सहित कई अन्य नए-पुराने सहयोगी दलों के नेताओं के 18 जुलाई को भाजपा नीत राजग की बैठक में शामिल होने की संभावना है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने चिराग इस आशय का एक पत्र लिखा है। लोजपा(आर) ने यह पत्र साझा किया है।

## चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण से गगनयान कार्यक्रम को मिली गति

# रॉकेट LVM-एम-4 ही ले जाएगा मानव को अंतरिक्ष में

**एजेंसी** | श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)

भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का एलवीएम-एम4 रॉकेट से ऐतिहासिक प्रक्षेपण ने मानव को अंतरिक्ष में ले जाने के देश के प्रथम कार्यक्रम को काफी बल प्रदान किया है क्योंकि इसी प्रक्षेपण यान का उपयोग महत्वाकांक्षी गगनयान अभियान के लिए किया जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अपनी इस परियोजना गगनयान के सफल प्रक्षेपण के लिए जोरशोर से जुटा हुआ है। इस अभियान के तहत तीन व्यक्तियों को तीन दिन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में ले जाया जाएगा और फिर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाया जाएगा।

#### नाम होगा 'ह्यूमैन रेटेड एलवीएम3'

इसरो ने बताया कि गगनयान कार्यक्रम के लिए एलवीएम 3 रॉकेट में, आवश्यकताओं के अनुरूप बदलाव किया जाएगा । गगनयान के लिए पहला परीक्षण अगस्त के अंत तक किया जाएगा।

**चंद्रयान-3 को आगे बढ़ाने की कवायद सफल:** इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को उसकी कक्षा में आगे बढ़ाने की प्रथम कवायद शनिवार को सफलतापूर्वक पूरी की। इसरो ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अंतरिक्ष यान की हालत 'सामान्य' है।

## एडीआर के विश्लेषण में दावा

# देश में 44 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स द्वारा किए गए एक हालिया विश्लेषण में दावा किया गया है कि पूरे भारत में राज्य विधानसभाओं में लगभग 44 प्रतिशत विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। एडीआर और नेशनल इलेक्शन वॉच द्वारा किए गए विश्लेषण में देश भर में राज्य विधानसभाओं और केंद्रशासित प्रदेशों में वर्तमान विधायकों द्वारा चुनाव लड़ने से पहले दायर किए गए शपथपत्रों की पड़ताल की गई । विश्लेषण में 28 राज्य विधानसभाओं और दो केंद्रशासित प्रदेशों में 4,033 में से कुल 4,001 विधायकों का विवरण शामिल है।




एडीआर ने कहा कि विश्लेषण में शामिल विधायकों में से 1,136 या लगभग 28 प्रतिशत ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं, जिनमें हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित आरोप शामिल हैं। केरल में 135 में से 95 विधायकों यानी 70 प्रतिशत ने,बिहार में 242 विधायकों में से 161 (67 प्रतिशत), दिल्ली में 70 में से 44 विधायक (63 प्रतिशत), महाराष्ट्र में 284 में से 175 विधायक (62 प्रतिशत), तेलंगाना में 118 विधायकों में से 72 विधायक (61 प्रतिशत) और तमिलनाडु में 224 विधायकों में से 134 (60 प्रतिशत) ने अपने हलफनामों में स्वयं के खिलाफ दर्ज मामले घोषित किए हैं।

#### ये हैं हाल-ए-विधायक

- 4,033 विधायक हैं देश में
- 4,001 विधायक शामिल हैं विश्लेषण में
- 44 प्रतिशत के खिलाफ आपराधिक मामले
- 28 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर मामले

#### यहां 60 प्रतिशत या उससे अधिक दागी

| राज्य | संख्या प्रतिशत में |
|---|---|
| केरल | 70 फीसदी |
| बिहार | 67 फीसदी |
| दिल्ली | 63 फीसदी |
| महाराष्ट्र | 62 फीसदी |
| तेलंगाना | 61 फीसदी |
| तमिलनाडु | 60 फीसदी |

#### गंभीर आपराधिक मामलों में दिल्ली MLA का आंकड़ा 53%

एडीआर ने बताया कि दिल्ली में 70 में से 37 विधायक (53 प्रतिशत), बिहार में 242 में से 122 विधायक (50 प्रतिशत), महाराष्ट्र में 284 में से 114 विधायक (40 प्रतिशत), झारखंड में 79 में से 31 विधायक (39 प्रतिशत), तेलंगाना में 118 में से 46 विधायक (39 प्रतिशत) और उत्तर प्रदेश में 403 में से 155 विधायकों (38 प्रतिशत) ने अपने खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

#### दो प्रतिशत विधायक अरबपति

विश्लेषण से संबंधित 4,001 विधायकों में से 88 (दो प्रतिशत) अरबपति पाए गए, जिनके पास 100 करोड़ रुपए से अधिक की संपत्ति है। इसमें कर्नाटक शीर्ष पर है जहां 223 में से 32 विधायक (14 प्रतिशत) अरबपति हैं।

## फ्रांसिसी कंपनी ने की पुष्टि

# भारत अपनी नौसेना के लिए खरीदेगा राफेल एम

**एजेंसी** | नई दिल्ली



भारत सरकार ने नौसेना को उन्नत पीढ़ी के लड़ाकू विमानों से लैस करने के लिए राफेल विमानों के नौसैन्य संस्करण का चयन कर लिया है। राफेल की निर्माता कंपनी और फ्रांस में विमान निर्माण क्षेत्र की अग्रणी 'दसॉल्ट एविएशन' ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को फ्रांस से 26 राफेल (नौसैनिक) विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुक्रवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ वार्ता के बाद जारी एक दस्तावेज में राफेल विमानों की खरीद का कोई जिक्र नहीं है। भारत फ्रांस से स्कॉर्पीन श्रेणी की तीन पनडुब्बी भी खरीद रहा है।

दसॉल्ट एविएशन ने एक बयान में कहा, भारत सरकार ने भारतीय नौसेना को नई पीढ़ी के लड़ाकू विमान से लैस करने के लिए नेवी राफेल के चयन की घोषणा की है।, भारत में सफल परीक्षण के बाद यह फैसला लिया गया है,जिसमें नेवी राफेल ने दर्शाया कि वह भारतीय नौसेना की आवश्यकताओं को पूरा करता है।

प्रदेश स्तरीय ब्राह्मण नेताओं की संयुक्त बैठक में वितरण की शुरुआत

# ब्राह्मण महासंगम के बांटेंगे 5000 किलो पीले चावल

**बेधड़क | जयपुर**

ब्राह्मण महासंगम के लिए शनिवार को बनीपार्क स्थित खण्डाका हाउस मे सर्व ब्राह्मण महासभा एवं अन्य ब्राह्मण संगठनों की प्रदेश स्तरीय संयुक्त बैठक हुई। इसमें समाज की महिलाओं ने 3 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए पीले चावल वितरण करने की शुरुआत की। प्रदेश में 5 हजार किलो पीले चावल वितरित किए जाएंगे।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 3 सितंबर को होने वाले महासंगम के लिए पहली बार प्रदेश की 200 विधानसभाओं से समाज बंधुओं को बुलाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव सबको साथ लेकर चलता है तथा सर्वजन सुखाय की भावना के साथ काम करता है।

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि आगामी ब्राह्मण महासंगम देश को एक नई दिशा देगा। शर्मा ने कहा कि महासभा ने एक लम्बी लड़ाई ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिए लड़ी थी। उस समय भी महासभा ने लाखों-लाख ब्राह्मणों की आरक्षण रैलियां आयोजित की थी और सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उस समय महासभा के मंच पर आकर समर्थन दिया था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधित्व बढ़े इसके लिए पूरा समाज एकजूट होकर अपने मताधिकार का सही उपयोग करे।






## महासंगम के एजेंडे में ये मुद्दे शामिल

महासंगम में 14 % आरक्षण देने, भगवान परशुराम विश्वविद्यालय की स्थापना, परशुराम की 111 फीट प्रतिमा की स्थापना, प्रत्येक जिले में गुरुकुल की स्थापना, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में विसंगतियां दूर करना, आरक्षण आंदोलन में लगाए गए मुकदमे वापस लेना, बालिका छात्रावास की स्थापना, ईडब्ल्यूएस आरक्षण में राजनीतिक आरक्षण भी मिले सहित अन्य प्रस्ताव लिए जाएंगे। महासभा ने समाज को एकजुट करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम हाथ में ले रखे हैं, इनमें सामूहिक विवाह, सामूहिक उपनयन संस्कार, ज्योतिष कर्मकाण्ड शिविर, छात्रवृत्ति देने सहित अनेका अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, संरक्षक एचसी गणेशिया, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा सविता शर्मा, खोले के हनुमान महामंत्री बीएम शर्मा, विप्र महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनिल उदईया, परशुराम सेना के अध्यक्ष अनिल चतुर्वेदी, मेहंदीपुर बालाजी से संदीप तिवारी, डीपीआर अतिरिक्त निदेशक गोविन्द पारीक सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।



## जिसके केंद्र में गुरु, उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता: शर्मा

सच बेधड़क के फाउंडर और एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा ने बैठक में कहा कि 'बाह्मण गुरु है। जिसके केंद्र में गुरु है, उसका कोई ग्रह कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। उन्होंने कहा कि अगर राजनीति से लेकर समाज के विभिन्न हिस्सों की कमान विप्र-ब्राह्मण को मिलेगी तो इस देश को विश्वगुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। तीन सितंबर को होने वाले इस ब्राह्मण महासंगम कार्यक्रम को सच बेधड़क टीवी चैनल और समाचार पत्र प्रचार-प्रसार के माध्यम से पूरे विश्व के अंदर पहुंचाने की पूरी कोशिश करेगा। शर्मा ने कहा कि 150 देशों में हमने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाए हैं और जल्द ही 15 राज्यों में डिजिटल चैनल लॉन्च करेंगे।

RDTM में आए 200 से अधिक टूर ऑपरेटर्स

# 5 इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स 5 आरआईसी होंगे ओपन



**बेधड़क | जयपुर**

राजस्थान अपनी रूरल टूरिज्म पॉलिसी, फिल्म प्रमोशन पॉलिसी जैसी पर्यटन नीतियों के साथ देश भर के अन्य राज्यों के लिए आदर्श है। यह पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने वाला पहला राज्य है। अब तक यूडी टैक्स और बिजली छूट जैसे क्षेत्रों में लगभग 1000 होटल इससे लाभान्वित हुए हैं।

सरकार ने टूरिज्म डवलपमेंट फंड को 1000 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 1500 करोड़ रुपए कर दिया है। इसके अलावा राज्य में 5 इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स और 5 आरआईसी खुल रहे हैं।

यह जानकारी राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरटीडीसी) चेयरमैन धर्मेंद्र सिंह राठौड़ ने दी। वे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट (आरडीटीएम) में बोल रहे थे। इससे पहले मार्ट का उद्घाटन पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह ने किया। अपने संदेश में उन्होंने कहा, कि पिछले वर्ष राजस्थान डोमेस्टिक ट्रेवल मार्ट के दूसरे संस्करण की बड़ी सफलता को देखते हुए इस वर्ष आरडीटीएम का एक और संस्करण आयोजित कर रहे हैं।

महामारी की मार झेलने के बाद आरडीटीएम ने राजस्थान में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया। यह कहने में कोई झिझक नहीं है, कि राजस्थान आज देश के सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशंस में से एक है।

## विरासत को संरक्षित करने की जरूरत

एफएचटीआर अध्यक्ष अपूर्व कुमार ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ राज्य की मूर्त-अमूर्त विरासत को संरक्षित करने की जरूरत है। यही कारण है कि इस वर्ष मार्ट की थीम उपयुक्त रूप से सस्टेनेबल टूरिज्म रखी गई है। इस दौरान 'रीगल राजस्थान-सस्टेनेबिलिटी एम्पावरिंग द फ्यूचर' पर एक ट्रेवल पब्लिकेशन जारी किया गया। वहीं कार्यक्रम में एफएचटीआर संरक्षक ललित के पंवार, निदेशक पर्यटन डॉ. रश्मि शर्मा, प्रेसिडेंट ऑनर एफएचटीआर भीम सिंह, आईएचएचए अध्यक्ष रणधीर विक्रम सिंह मंडावा, एफएचटीआर वरिष्ठ उपाध्यक्ष और एचआरएआर अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंदेला, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) अध्यक्ष महेंद्र सिंह राठौड़ और जनरल सेक्रेटरी एफएचटीआर मोहन सिंह मेड़तिया उपस्थित रहे। गौरतलब है रविवार को मार्ट का आखिरी दिन होगा।

## 206 नई परियोजनाएं पंजीकृत

इस मौके पर राजस्थान लघु उद्योग निगम चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने कहा कि सरकार की पहल के कारण वर्ष 2019 में 187 प्रोजेक्ट्स की तुलना में वर्ष 2022 में 4500 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश और 14856 कमरों वाली 206 नई परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं। उच्च स्तरीय होटल शृंखलाएं जयपुर में आ गई हैं और विकास के विभिन्न चरणों में हैं। वर्ष 2021 के दौरान 2.20 करोड़ की तुलना में वर्ष 2022 में 10.87 करोड़ पर्यटक राजस्थान आए। एक वर्ष में पर्यटकों की संख्या में 8 करोड़ की वृद्धि हुई। प्रमुख शासन सचिव पर्यटन गायत्री राठौड़ ने कहा कि उद्योग लाभ के दायरे में अधिकतम संख्या में पर्यटन इकाइयों को शामिल करने का प्रयास है। राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में होटल, मोटल, 10 या अधिक कमरों वाले, रीको भूमि पर होटल संचालित करने वाली पर्यटन इकाइयों, संचालित किए जा रहे होटलों, आरटीडीसी और आरएसएचसी होटलों और केंद्र व राज्य सरकार के संग्रहालयों पर राजस्व विभाग-जिला कलेक्टर की ओर से रूपांतरण आदेश लागू किया है।

# City इवेंट्स

## दोतोलिया की किताब का लोकार्पण



**बेधड़क. जयपुर।** डॉ. सीताराम दोतोलिया की पुस्तक 'स्मृता विस्मृताः स्वतंत्रता सेनानिनः अनुभूता श्रुता, घटनाप्रधाना, आञ्चलिक्यश्च सत्या कथा' का लोकार्पण शनिवार को किया गया। इस मौके पर शाहपुरा बाग आमेर राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ सभागार में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा, पं. दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विवि सीकर के कुलपति प्रो. भागीरथ सिंह, संस्कृत शिक्षा निदेशक डॉ. भास्कर शर्मा, संस्कृत अकादमी निदेशक डॉ. सरोज कोचर, वनस्थली विद्यापीठ डीन शिक्षा डॉ. अरुण सुराणा ने संस्कृत अकादमी निदेशक डॉ. राजकुमार जोशी मौजूद रहे। पुस्तक का संपादन डॉ. कैलाश चन्द बुनकर प्राचार्य शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय चीथवाड़ी, डॉ. रामप्रसाद जांगिड़ सहा. आचार्य शास्त्री संस्कृत महाविद्यालय कालाडेरा, डॉ. महेश दोतोलिया प्रधानाचार्य वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय बिलोंची ने किया है।

## गुर्जर राज्य सह मीडिया प्रभारी नियुक्त





**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश में राजस्थान गुर्जर कर्मचारी अधिकारी कल्याण परिषद में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसमें विराटनगर निवासी डॉ. छाजू राम गुर्जर को सह संयोजक शैक्षणिक एवं भर्ती संबंधी गतिविधियों की जिम्मेदारी दी है। साथ ही शाहपुरा क्षेत्र से राकेश गुर्जर को राज्य सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि समिति का जल्द और विस्तार किया जाएगा।


## कथक और लोक नृत्यों में संस्कृति के दर्शन



**बेधड़क. जयपुर।** कथक और लोक नृत्यों ने सावन में ऐसी छटा बिखेरी कि संस्कृति के दर्शन भी हुए। मौका था नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में कथक गुरु श्वेता गर्ग के निर्देशन में उनकी शिष्याओं की ओर से परफॉर्म करने का। राजेंद्र शर्मा ने बताया कि कथक नृत्यांगना तनिष्का मुद्गल ने कार्यक्रम की शुरुआत शिव श्लोक आंगिकम भुवनम यस्य वाचिकम से की। इसके बाद जयपुर के शुद्ध कथक में 16 मात्रा, थाट, आमद, तिस्र जाति, परन, चक्रधार तोड़ा, कवित्त की लड़ी से कथक को साकार किया और अंत में भाव ठुमरी छाड़ो-छेड़ो ना कन्हाई, रे काहे को रोको गैरवा में लयकारी ताल व भाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

भारतीय ज्ञान की सबसे अद्भुत कृति श्रीमद्भगवद्गीता

# गीता सबके लिए संजीवनी इसमें प्रबंधन के सारे मंत्र




**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय मेधा जटिलता को स्वीकार नहीं करती। यहां गूढ़ से गूढ़ बातों को सरल, संक्षिप्त भाषा में कहने और समझाने की परंपरा रही है।

यह विचार डॉ. जगमोहन शर्मा ने रखे। वे केंद्रीय साहित्य अकादमी में पुस्तकों 'श्रीमद्भगवद्गीता-दोहा रूपांतरण' और महाकवि कालिदास के 'मेघदूत' पर आधारित 'यक्षप्रिया की पाती' के लोकार्पण पर बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन प्रभात प्रकाशन और हंसराज कॉलेज लिटरेरी सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रधानाचार्य साहित्यकार प्रो. रमा ने की, जबकि विशिष्ट वक्ता के रूप में नरेश शांडिल्य और वरिष्ठ दोहाकार सोमदत्त शर्मा ने बात रखी। डॉ. जगमोहन शर्मा ने कहा कि संस्कृत के इन महाकाव्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसके दोहांतरण की आवश्यकता है। कथनी करनी एक।

शुद्ध हृदय मन आत्मा, दोहे लिखो अनेक। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रो. रमा ने कहा, 'गीता सबके लिए संजीवनी है। इसमें जीवन प्रबंधन के सारे मंत्र हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा की सबसे अद्भुत कृति 'श्रीमद्भगवद्गीता' का घर-घर पहुंचना जरूरी है।

नरेश शांडिल्य ने कहा, 'यक्षप्रिया की पाती प्रेम और विरह का अद्भुत ग्रंथ है। रामटेक से अलकापुरी तक की जो यात्रा है, वह एक करुण वृत्तांत है। विशिष्ट वक्ता सोमदत्त शर्मा ने कहा, 'श्रीमद्भगवद्गीता के विशुद्ध ज्ञान को दोहे में उतार देना असाधारण साहस का काम है।

'हम सब सहमत' में 280 कलाकारों ने संजोए अनुभव

# टाट की बोरियों पर सजाई मुखर विरोधी कलाकृतियां



**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर के मंच पर देशभर के 280 कलाकारों के फोटो, पेंटिंग्स व कविताएं देखने को मिल रही है। आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर जवाहर कला केन्द्र में शनिवार से प्रदर्शनी 'हम सब सहमत' की शुरुआत हुई।

'नव को पहचान और अनुभव को सम्मान' के ध्येय के साथ आगे बढ़ रही केन्द्र की पहल कला संसार के तहत सफदर हाशमी मेमोरियल ट्रस्ट (सहमत) से संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनी लगाई गई है। सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा राय, हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ओम थानवी, जवाहर कला केन्द्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत व केन्द्र की शासी परिषद के सदस्य गजानंद मानव मिश्रा ने इसका उद्घाटन किया। 15 अगस्त तक चलने वाली प्रदर्शनी में देशभर के 280 कलाकारों का क्रिएशन है। जेकेके के अलंकार में प्रवेश करते ही एक ऐसी दुनिया में पहुंच जाते हैं, जहां हर कलाकृति मुखर है। देश के ज्वलंत मुद्दों महिला अत्याचार, साम्प्रदायिकता, लोकतंत्र के गिरते मूल्यों आदि के खिलाफ टाट की बोरियों पर विभिन्न कलाकृतियों को संजोकर सादगीभरे अंदाज में दर्शाया गया है।

ये बोरियां जमीन से जुड़ाव को दर्शाती हैं, वहीं स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करती हैं। प्रदर्शनी दिल्ली, पटियाला, भोपाल, अजमेर, कोलकाता, मुंसियारी के बाद जयपुर पहुंची है। प्रदर्शनी में शकुंतला कुलकर्णी, मीरा देवी दयाल, विवान सुंदरम सरीखे चित्रकार व विष्णु नागर, मृदुला गर्ग, राजेश जोशी जैसे कवि की कलाकृतियां शामिल हैं।

**लाइव टॉक शो** जयपुराइट्स ने धर्म और जाति की राजनीति पर किया कटाक्ष

# फिल्म के लिए परोस दिया जाता है भगवान राम का नाम

**बेधड़क | जयपुर**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम एक ही हैं। वे तो राजा थे, लेकिन फिर भी अपनी जनता के लिए उन्होंने सब कुछ किया। उन्होंने स्वयं और परिवार से पहले हमेशा प्रजा को रखते थे। ऐसे में उनके नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। वे तो सबके हैं।

कुछ इन्हीं विचारों के बीच जयपुर में होटल ग्रेंड सफारी में अनूठे टॉक शो राम और धर्म की राजनीति का सरोकार में एजुकेशनिस्ट, ज्योतिषाचार्य, कवि, समाजसेवी, गवर्नमेंट अधिकारी आदि लोगों ने हिस्सा लिया। सभी प्रवक्ताओं के साथ वहां मौजूद लोगों ने एक स्वर में जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस मौके पर स्पीकर्स ने 'सनातन धर्म में 'राम' नाम की महिमा किसी को समझाने की जरूरत नहीं है। हम सबके मन में बसता है यह राम नाम।

हमारे मन की इन्हीं संवेदनाओं और भावनाओं को उद्वेग में बदल कर इसका सदियों से राजनीतिकरण होता रहा है। देश में तो चुनाव भी राम के नाम पर लड़े जाते हैं' जैसे विचार रखे।



## विकसित समाज में तुच्छ बातों की जगह नहीं

टुगेदर वी थ्राइव लाइव टॉक शो में हाथोज धाम के बालमुकुंदाचार्य, पंडित जवाहरलाल नेहरू बाल साहित्य अकादमी के अध्यक्ष इकराम राजस्थानी, जनसंपर्क राजस्थान पुलिस के अतिरिक्त निदेशक गोविंद पारीक, ज्योतिष व रमल शास्त्री आचार्य अनुपम जोली, गोपालपुरा व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन गोयल और आचार्या हिमानी शास्त्री ने कटाक्ष किया। हिमानी ने कहा कि विकसित समाज में तर्कहीन और तुच्छ बातों के लिए स्थान नहीं होना चाहिए।

## राम नाम की लूट है, लूट सके तो लूट

आज विडंबना यह है कि कोई नेता बने या अभिनेता या कोई बड़ी धार्मिक घटना घटित होती है। इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। मेकर्स की ओर से एक फिल्म चलाने के लिए या फिर उसे फ्लॉप करने के लिए बड़ी चतुराई से 'राम' नाम का छल आम जनता को परोस दिया जाता है। भोली- भाली जनता यह समझ नहीं पाती, कि क्यों हर बार 'राम' नाम की राजनीति करके उनका लाभ उठाया जा रहा है।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, रविवार, 16 जुलाई, 2023



असहमत होते हुए भी सहमति के रास्ते खोजना सुखी रहने का श्रेष्ठ तरीका है।



विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## पीएम मोदी यूएई यात्रा के बाद स्वदेश लौटे... UAE में जल्द खुलेगा दिल्ली IIT का परिसर

# यूएई के राष्ट्रपति से हुई 'सार्थक' वार्ता



**एजेंसी** | अबू धाबी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यूएई की एक दिवसीय 'सार्थक' यात्रा संपन्न कर स्वदेश लौट आए हैं। मोदी ने अपने यूएई प्रवास के दौरान राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से द्विपक्षीय वार्ता की। मोदी ने ट्वीट किया, "यूएई की सार्थक यात्रा संपन्न की। दोनों देशों ने हमारी धरती को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ विभिन्न मुद्दों पर वार्ता की। मैं महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान को उनके द्वारा गर्मजोशी से की गई मेजबानी के लिए धन्यवाद देता हूं।"

दोनों नेता स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करने, भारत और यूएई की त्वरित भुगतान प्रणालियों को जोड़ने एवं यूएई में आईआईटी, दिल्ली का परिसर खोलने पर सहमत हुए। मोदी यूएई के राष्ट्रपति द्वारा उनके सम्मान में दिए गए भोज में शामिल होने के बाद स्वदेश रवाना हुए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ट्वीट किया, "इस यात्रा को परिवर्तनकारी परिणामों से परिभाषित किया जा सकता।"

बहरहाल, मोदी सफल यात्रा के बाद नई दिल्ली लौट आए हैं।

### मोदी को परोसे शाकाहारी व्यंजन

यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान द्वारा शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में आयोजित भोज में पूरी तरह से शाकाहारी व्यंजन परोसे गए। यहां स्थित राष्ट्रपति महल कस्र-अल-वतन में आयोजित भोज की शुरुआत हरीस (गेहूं) और खजूर के सलाद से हुई, जिसे स्थानीय सब्जियों के साथ परोसा गया था और उसके बाद मसाला सॉस में 'ग्रिल्ड (भुनी हुई)' सब्जियां परोसी गईं।



### यूएई के राष्ट्रपति ने की अगवानी

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार सुबह फ्रांस की अपनी दो दिवसीय यात्रा समाप्त करने के बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पहुंचे। पीएम मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति और अबू धाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ कई मुद्दों पर बातचीत की। बैठक के दौरान दोनों देश ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और रक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। इससे पहले, पीएम मोदी के संयुक्त अरब अमीरात पहुंचने पर राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने उनका स्वागत किया। बता दें, संयुक्त अरब अमीरात में प्रवासी भारतीय समुदाय सबसे बड़ा जातीय समुदाय है और देश की कुल आबादी में उसकी तकरीबन 30 फीसदी हिस्सेदारी है।

## शहबाज शरीफ सरकार की उलटी गिनती शुरू, बोले

# अगस्त में दूंगा इस्तीफा

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ अगस्त में इस्तीफा देंगे। यह बात उन्होंने शुक्रवार रात राष्ट्र के नाम एक भाषण में कही। पीएमएल-एन नेता शहबाज ने कहा, "इस साल के अंत तक देश में आम चुनाव कराए जाएंगे। मैं संवैधानिक नियमों के मुताबिक अगस्त में अपना पद छोड़ दूंगा। मैं कार्यवाहक सरकार को सत्ता सौंप दूंगा।"

पाकिस्तान की मौजूदा स्थिति को देखें तो यह शरीफ और उनकी सरकार के लिए यह कांटों भरे ताज पहनने जैसा है। पाकिस्तान की माली हालत पहले से ही खस्ता है और पड़ोसी मुल्क लगातार कर्ज में डूबा हुआ है।

संयोग से पाकिस्तान के संवैधानिक नियमों के अनुसार, 'निष्पक्ष कार्यवाहक सरकार' आम चुनाव कराने के लिए जिम्मेदार है। अगले 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस है। शाहबाज ने कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल उस दिन समाप्त हो जाएगा। शाहबाज ने शुक्रवार को कहा, 'देश चलाने की जो जिम्मेदारी हमें दी गई थी, उसे पूरा करने के लिए मैंने अथक प्रयास किया।'



### 14 अगस्त को करेंगे चुनाव की सिफारिश!

पाकिस्तानी मीडिया के एक वर्ग की रिपोर्ट है कि शरीफ 14 अगस्त को राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को इस्तीफा देकर नेशनल असेंबली को भंग करने की सिफारिश कर सकते हैं। अप्रैल 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने संसदीय चुनाव का आदेश दिया। नेशनल असेंबली के निचले सदन में हुए मतदान में इमरान के हटने के बाद पीएमएल-एन के शहबाज शरीफ पीपीपी, मुत्ताहिदा मजलिस-ए-अमल समेत कई पार्टियों के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे।

### शरीफ आर्थिक मोर्चे पर फेल

जब से शरीफ प्रधानमंत्री बने हैं, देश की आर्थिक और राजनीतिक स्थिति काफी डावांडोल हुई है। पाकिस्तान लगातार आईएमएफ के सामने कर्ज का कटोरा लेकर खड़ा था। इतना ही नहीं, मुल्क में आटा-चावल का दाम आसमान छू रहा है। ये आफत क्या कम थी कि पीटीआई नेता और पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान की कार्रवाई से देश में सियासी हलचल भी पैदा हो गई। ऐसे में शहबाज शरीफ के लिए दोनों तरफ बैलेंस करना काफी मुश्किलों भरा काम था।

## अमेरिका गल्फ में तैनात करेगा F-16 लड़ाकू विमान

# ईरान से जहाजों को प्रदान करेंगे सुरक्षा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

जहाजों को ईरान की तरफ से जब्त किए जाने से बचाने के लिए अमेरिका सामरिक रूप से महत्वपूर्ण हरमूज जलडमरूमध्य के आसपास अपने लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल बढ़ा रहा है। एक वरिष्ठ रक्षा अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि पश्चिम एशिया में ईरान, रूस और सीरिया के बीच बढ़ते संबंधों को लेकर अमेरिका चिंतित है। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन में पत्रकारों से बातचीत में अधिकारी ने कहा कि अमेरिका इस सप्ताहांत खाड़ी क्षेत्र में एफ-16 लड़ाकू विमान भेजेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब ईरान ने पिछले सप्ताह जलडमरूमध्य के पास दो तेल टैंकर को जब्त करने की कोशिश की थी और उनमें से एक पर गोलियां चलाई थीं। रक्षा अधिकारी ने नाम न उजागर करने की शर्त पर बताया कि एफ-16 लड़ाकू विमान जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाजों को हवाई सुरक्षा मुहैया कराएंगे। अमेरिकी नौसेना के मुताबिक, दोनों मामलों में अमेरिकी नौसेना की प्रतिक्रिया के बाद ईरानी नौसैनिक जहाज पीछे हट गए और दोनों वाणिज्यिक जहाजों ने अपनी यात्रा जारी रखी। रक्षा अधिकारी ने पत्रकारों को बताया कि अमेरिका, सीरिया पर रूस के बढ़ते हवाई हमलों से निपटने के लिए कई सैन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

### दक्षिण कोरिया: भूस्खलन और बाढ़ से 7 लोगों की मौत

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और दो अन्य लापता हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि तड़के भूस्खलन के बाद आठ लोग मध्यवर्ती क्षेत्रों में फंस गए। आंतरिक और सुरक्षा मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार, मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो मध्यवर्ती शहरों में घर ढह जाने से तीन लोगों की मौत हो गई।

## सैन फ्रांसिस्को: भारतीय वाणिज्य दूतावास पर रैली

# भारत के समर्थन में जुटे भारतीय

**एजेंसी** | सैन फ्रांसिस्को

भारतीय वाणिज्य दूतावास में हाल ही में खालिस्तान समर्थकों द्वारा आगजनी की कोशिश किए जाने के बाद बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों ने भारत के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए यहां वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांति रैली आयोजित की। खालिस्तान समर्थकों द्वारा 2 जुलाई को ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में वाणिज्य दूतावास में आगजनी दिखाई गई था। यह कुछ महीनों के भीतर हिंसा की दूसरी घटना थी।



इस सप्ताह शहर व आसपास से बड़ी संख्या में भारतीयों ने भारत का समर्थन किया।हालिया हिंसा के खिलाफ सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर एक शांतिपूर्ण रैली की। प्रदर्शनकारियों ने उक्त हिंसा को आतंकी कृत्य बताया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में खड़ा करने की मांग की। अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने गुरुवार को यहां वाणिज्य दूतावास का दौरा किया था और मिशन में भारतीय राजनयिकों और अधिकारियों से मुलाकात की थी।

## अनोखी केमिस्ट्री में छिपा रहस्य

# आईने जैसा चमकदार बन गया यह ग्रह

**एजेंसी** | लंदन

वैज्ञानिकों ने एक यूरोपीय स्पेस एजेंसी के बाह्यग्रह अभियान चियोप्स के आंकड़ों का अध्ययन कर ऐसे ग्रह का पता लगाया है जो अपने तारे से मिलने वाली दो तिहाई से भी ज्यादा रोशनी को प्रतिबिम्बित कर रहा है। यह अब तक के अवलोकित ग्रहों में से सबसे चमकीला बाह्यग्रह है। एक गर्म नेप्च्यून की श्रेणी वाले इस बाह्यग्रह के बारे में एक और अजीब सी बात यह है कि यह अपने तारे के बहुत करीब है। एलटीटी9779बी नाम के यह ग्रह सबसे पहले नासा के टेस अभियान और चिली में हार्प्स उपकरण के जरिए 2020 में खोजा गया था।



### शुक्र ग्रह की तरह है इसकी चमक

चियोप्स के आंकड़ों से पता चला कि यह इस ग्रह के धातु के बादलों की वजह से प्रकाश प्रतिबिम्बित होने से बहुत ही चमकीला दिखाई देता है। इसकी चमक शुक्र ग्रह की चमक जैसी है, जो हमारे आकाश में चंद्रमा के बाद दूसरा सबसे चमकीला खगोलीय पिंड है। चियोप्स के नतीजे इस बाह्यग्रह की खोज के बाद फॉलोअप अवलोकनों से हासिल किए जा सके। इस बाह्यग्रह का आकार हमारे नेप्च्यून ग्रह के बराबर है।

### वायुमंडल में धातु के बादल

इस बाह्यग्रह की चमक की वजह इसका अपने तारे से आने वाली रोशनी का 80 फीसद प्रतिबिम्बित करना है और इसकी वजह यहां के धातु के बादलों का आवरण है, जो मुख्य रूप से सिलिकेट से बना हुआ है। सिलिकेट वही पदार्थ है, जो हमारी पृथ्वी पर रेत में बहुतायत में होता है और जिससे ग्लास बनते हैं। इस ग्रह की त्रिज्या पृथ्वी से 4.7 गुना ज्यादा बड़ी है और इसका एक साल 19 घंटे का है यानी यह अपने तारे का एक चक्कर केवल 19 घंटे में लगा लेता है।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** मनोज माथुर*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl